हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, रविवार 15 फरवरी 2026

तापमान

अधिकतम 32.9 डिग्री

न्यूनतम 18.8 डिग्री

# वैलेंटाइन पर ऑल इज वेल... पुलिस का कड़ा पहरा, बगीचों से दूर रहे कपल्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि लाइव

वैलेंटाइन डे में कानून व्यवस्था बनाए रखने रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन नार्थ, सेंट्रल तथा वेस्ट जोन में पुलिस की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था होने से वैलेंटाइन डे का विरोध करने वाले पार्क से लेकर मॉल तक गायब दिखे। शहर के प्रमुख पार्कों के साथ मॉल में वैलेंटाइन डे मनाने आने वाले कपल्स गिनती के दिखे। पार्क के सूनसान इलाके में बैठे दिखे कपल्स को पुलिस किसी तरह की अनहोनी से बचाने भीड़ के बीच रहने की समझाइश देती दिखी। वैलेंटाइन डे के एक दिन पूर्व बजरंगदल के कार्यकर्ता शहर के अलग-अलग पार्क जाकर कपल्स को हनुमान चालीसा देकर उन्हें अपनी सनातन संस्कृति से जुड़े पर्व तथा उत्सव मनाने की समझाइश दी थी। साथ ही बजरंगदल ने वैलेंटाइन डे के दिन अश्लीलता फैलाने वालों को दंड देने की चेतावनी दी थी। इस पर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने कानून व्यवस्था हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी।

### एक दिन पूर्व किस डे को ट्यूशन इंस्टिट्यूट के बाहर किशोरों के दो गुट में मारपीट का वीडियो वायरल



### मॉल में इस बार किसी तरह की तैयारी नहीं

वैलेंटाइन डे के अवसर पर मॉल में ज्यादा से ज्यादा लोग पहुंचें, इसके लिए मॉल संचालक एक सप्ताह पूर्व से तैयारी शुरू कर देते थे। इस बार शहर के ज्यादातर मॉल में वैलेंटाइन डे को लेकर किसी तरह से कोई आयोजन नहीं किया। इसके साथ ही मॉल में वैलेंटाइन डे को लेकर किसी तरह से तैयारी नहीं थी। बताया जा रहा है क्रिसमस के एक दिन पूर्व मैग्नेटो मॉल में उपद्रवियों द्वारा तोड़फोड़ की घटना से मॉल प्रबंधन सहमे हुए थे। इस वजह से वैलेंटाइन डे को लेकर किसी तरह से कोई तैयारी नहीं की गई।

### किस डे को छात्रों के दो गुटों में मारपीट

बीरगांव इलाके में 'किस डे' के दिन ट्यूशन पढ़ने पहुंचे छात्रों के दो गुट के बीच विवाद के बाद मारपीट हो गई। बताया जा रहा है, छात्रों के एक गुट ने किसी लड़की के बारे में कमेंट्स पास कर दिया। इस बात को लेकर दो नाबालिग छात्र आपस में भिड़ गए। दोनों छात्र आपस में एक दूसरे के साथ मारपीट करने लगे।घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। मारपीट की घटना का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हो रहा है। दोनों छात्रों के बीच विवाद इतना गहरा गया कि उनके साथी भी विवाद में कूद पड़े और एक दूसरे के साथ मारपीट करने लगे। घटना की किसी ने थाने में एक दूसरे के खिलाफ शिकायत दर्ज नहीं कराई है। पुलिस वायरल वीडियो की पड़ताल करने के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### इस वजह से भी कपल्स कम दिखे

पार्क तथा मॉल के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती देख कई कपल्स सहम गए और पार्क के साथ मॉल जाने से परहेज करने लगे। इसके साथ ही किसी भी तरह से विवाद से बचने कपल्स वैलेंटाइन डे मनाने से बचते नजर आए। पार्क, मॉल के बाहर पुलिस की तैनाती के साथ राम मंदिर के बाहर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। राम मंदिर प्रांगण में पार्क बना हुआ है। इसके चलते राम मंदिर के पार्क में भी कपल्स सैर करने पहुंचते हैं।

## खबर संक्षेप

### राजिम कुंभ के समापन में शामिल होंगे सीएम साय



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को महाशिवरात्रि पर्व पर गरियाबंद जिले के राजिम में लगे राजिम कुंभ (कल्प) के समापन समारोह में शामिल होंगे। समापन कार्यक्रम पूज्य संतों और धर्माचार्यों की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर शाही स्नान के साथ विशाल शोभायात्रा का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। उल्लेखनीय है कि राजिम, महानदी, पैरी और सोंढूर नदियों के त्रिवेणी संगम के समीप स्थित छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख तीर्थस्थल है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह क्षेत्र हरिहर धाम के रूप में विख्यात है, जहां राजीवलोचन (विष्णु) और कुलेश्वर (शिव) का संयुक्त धाम स्थित है।

### हुल्लड़बाजी, गाली-गलौज छह आरोपी भेजे गए जेल



रायपुर। खमतराई पुलिस ने आधा दर्जन बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश कर उन्हें जेल दाखिल किया है। पुलिस ने रूपेश दिवाकर, भूपेंद्र कुमार चंद्राकर, दिगंबर पटेल उर्फ दिउ, दिलीप साहू, नवल कुमार सिंह, संतोष साहू के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने जिन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की है, उनके द्वारा खमताराई के अलग-अलग क्षेत्रों में हुड़दंग तथा गाली-गलौज की जा रही थी।

### युवक के कब्जे से प्रतिबंधित टेबलेट जब्त



रायपुर। खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक के कब्जे से 76 नग प्रतिबंधित नींद की गोलियां जब्त की हैं। पुलिस ने मयंक सोनी उर्फ मीत के कब्जे से नींद की टेबलेट बरामद की हैं। मयंक आरवीएच कालोनी छोटापारा में नींद की गोलियां बेच रहा था। वह किसके पास से ये टेबलेट खरीदा था। इस संबंध में पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

### एम्स में नौकरी का झांसा रेप-ठगी का आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। आमानाका पुलिस ने एम्स में नौकरी लगवाने का झांसा देकर युवती से रेप तथा छह लाख रुपए ठगी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। 25 वर्षीय युवती की शिकायत पर पुलिस ने कवर्धा, पांडाताराई निवासी रितेश चंद्राकर (26) को गिरफ्तार किया है। युवती ने आरोप लगाया है कि रितेश ने दो वर्ष पूर्व उसे एम्स में नौकरी लगवाने का झांसा देकर छह लाख रुपए ठगी करने के साथ ही उसका रेप किया और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया।

### छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर का ट्रांसपोर्ट एजेंसियों पर नियंत्रण नहीं

# राशन की सप्लाई में झोल, दुकानदारों से रोजाना बहस, वजह-ट्रांसपोर्ट के लिए गाड़ियों का कम होना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राजधानी रायपुर सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित उचित मूल्य की दुकानों में चावल, शक्कर से लेकर नमक की आपूर्ति समय पर नहीं की जा रही है। इसके कारण एक ओर जहां कार्ड धारकों को राशन दुकानों के चक्कर काटने पड़ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर दुकान संचालकों को भी परेशानी हो रही है। दुकानों में खाद्यान्न नहीं पहुंचने के कारण कई संचालकों और हितग्राहियों के बीच विवाद भी हो रहा है, जिसकी शिकायतें खाद्य विभाग तक पहुंच रही हैं। इधर इस मामले में छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर की अधिकारी का भी कहना है कि ट्रांसपोर्ट एजेंसियों की गाड़ियां समय पर तथा कम संख्या में उपलब्ध कराए जाने के कारण ही आपूर्ति प्रभावित होती है। उनका कहना है कि ट्रांसपोर्ट एजेंसियों को समय पर तथा डिमांड के अनुसार गाड़ी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए जाते हैं। इसके बाद भी जितनी गाड़ियां गोदामों में लगानी होती हैं, उतनी नहीं भेजी जा रही हैं।

**केस:1**
आईडी क्रमांक 6017 में चावल और शक्कर दोनों नहीं है। इसके कारण दुकान से हितग्राहियों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

**केस:2**
आईडी क्रमांक 1277 में भी एपीएल और बीपीएल दोनों चावल नहीं है।

**केस:3**
आईडी क्रमांक 1064 में चावल, शक्कर के अलावा नमक भी नहीं है।

**केस:4**
आईडी क्रमांक 1288 में शक्कर-नमक नहीं है।

**केस-5**
आईडी क्रमांक 1322 में एपीएल, बीपीएल चावल नहीं है।

**केस:6**
आईडी क्रमांक 1292 में शक्कर, नमक नहीं है।



### समय पर उपलब्ध नहीं कराई जा रही

ट्रांसपोर्ट एजेंसियों द्वारा गाड़ियां समय पर उपलब्ध नहीं कराई जा रहीं, जिसके कारण राशन दुकानों में आपूर्ति कराने में दिक्कत आ रही है।

- हेलेना तिग्गा, डीएम छग राज्य नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर

### एक दिन में 5 गाड़ी ही भेज रही ट्रांसपोर्ट एजेंसी

ट्रांसपोर्ट एजेंसी एक दिन में छोटी 5 गाड़ी ही भेज रही है, जबकि छोटी-बड़ी मिलाकर 12 गाड़ी भेजना है। ये गाड़ियां प्रतिदिन दो फेरे लगा रही हैं। इससे लगभग 10 से 12 दुकानों में ही खाद्यान्न की आपूर्ति की जा रही है।

- **संगीता सिंह**, प्रभारी मंदिर हसौद गोदाम नान

### पूरी गाड़ी लगाना चाहिए

ट्रांसपोर्टर एजेंसियों को पूरी गाड़ी लगाना चाहिए, ताकि राशन दुकानों में समय पर खाद्यान्न की सप्लाई हो सके। इससे हितग्राहियों को भी खाली हाथ नहीं लौटना पड़ेगा।

- **नरेश बाफना**, अध्यक्ष, छग पीडीएस संघ

### रायपुर जिले की राशन दुकानों में चावल के साथ शक्कर-नमक गायब

जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की कई राशन दुकानों में चावल और शक्कर दोनों गायब है। चावल और शक्कर की सप्लाई नहीं होने का मुख्य कारण ट्रांसपोर्टिंग बतायी जा रही है। खाद्यान्न की ट्रांसपोर्टिंग के लिए जिले में होरा और तन्नू ट्रांसपोर्ट एजेंसियों को ठेका दिया गया है। ये दोनों ट्रांसपोर्ट एजेंसियों को पिछले कई वर्षों से लगातार नागरिक आपूर्ति निगम के खाद्यान्न सप्लाई करने का ठेका दिया जा रहा है। यहीं कारण है कि अब दोनों एजेंसियों के संचालकों द्वारा भी वाहन भेजने में भी मनमानी की जा रही है, जिसके कारण राशन दुकानदार और हितग्राही दोनों परेशान हो रहे हैं।

### डीओ काटने में देर, कटने के बाद भी समय पर आपूर्ति नहीं

राशन दुकान संचालकों के डिमांड के अनुसार डीओ काटा जाता है। डीओ कटने के बाद 7 से 10 दिनों के भीतर संबंधित दुकानों में खाद्यान्न का भंडारण किया जाता है, लेकिन पिछले महीने भर से जिले में राशन दुकानदारों के डिमांड किए जाने के बाद भी डीओ काटने में जहां देरी की जा रही है, वहीं डीओ काटने के बाद भी निर्धारित समय-सीमा में खाद्यान्न की आपूर्ति दुकानों में नहीं की जा रही है।

### डिमांड से आधी से भी कम गाड़ियां लगाई जा रहीं

अनुबंध के तहत ट्रांसपोर्ट कंपनियों को छोटी-बड़ी वाहन मिलाकर लगभग 12 वाहन प्रत्येक गोदाम में उपलब्ध कराया जाना है। इसके तहत गुढ़ियारी, मंदिर हसौद, धरसींवा एवं भनपुरी गोदाम में बमुश्किल से 4 से 5 गाड़ी ही उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके कारण जहां डीओ काटने में देरी की जा रही हैं, वहीं डीओ कटने के बाद भी समय पर राशन दुकानों में खाद्यान्न भी भेजा नहीं जा रहा है।

### पुलिस कमिश्नर कार्यालय गृहमंत्री के बंगला में शिफ्ट होगा

# पुलिस कमिश्नरेट के अफसरों की बैठक व्यवस्था अगले सप्ताह बदलने जा रही


पुलिस कमिश्नरेट का दफ्तर छोटा, नई जगह शिफ्ट करने कमिश्नर ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जीई रोड स्थित पुराना आयुक्त कार्यालय में संचालित पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय काफी छोटा है। वर्तमान दफ्तर में पुलिस कमिश्नर के साथ एसपी के बैठने की व्यवस्था है। क्लरिकल काम के

शासन को भेजा है पत्र

वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट के लिए आवंटित जगह काफी छोटी पड़ रही

अब तक ट्रैफिक डीसीपी, पश्चिम डीसीपी को नहीं मिला कार्यालय

राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली शुरू हुए एक पखवाड़े से ज्यादा समय बीत गया है। बावजूद इसके कई अफसरों को अब तक



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली लागू हुए तीन सप्ताह हो गए। पुलिस कमिश्नरेट में जिल डीसीपी को कार्यालय नहीं मिल पाया था, उन अधिकारियों के लिए भी कार्यालय के जगह का यचन कर लिया गया है। इसके साथ ही सोमवार से पुलिस कमिश्नर के अलावा पुलिस कमिश्नरेट के अन्य अफसर अपनी न्यायिक शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धाराओं का प्रयोग कर गुंडे बदमाशों को जेल भेजने के साथ उनकी जमानत की सुनवाई करेंगे। जारी आदेश के मुताबिक पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला का कार्यालय अगले सप्ताह के अंत तक गृहमंत्री के बंगले में शिफ्ट हो जाएगा। इसके अलावा रायपुर सेंट्रल जोन के डीसीपी मयंक गुर्जर का कार्यालय वर्तमान में पुराना पीएचक्यू के एसआईबी बिल्डिंग में संचालित हो रहा है। उनका कार्यालय वर्तमान में जीई रोड स्थित पुराना राजस्व कमिश्नर कार्यालय जहां पुलिस कमिश्नर का कार्यालय संचालित हो रहा है, वहां शिफ्ट कर दिया जाएगा। इसी तरह से रायपुर वेस्ट के डीसीपी संदीप पटेल के कार्यालय के लिए जगह का निर्धारण कर लिया गया है। क्राइम डीसीपी का कार्यालय सिविल लाइंस से शिफ्ट होकर पुराना पीएचक्यू स्थित एसआईबी बिल्डिंग में शिफ्ट हो जाएगा। ट्रैफिक डीसीपी का कार्यालय सी-4 बिल्डिंग में निर्धारित किया गया है।

### न्यायिक शक्तियों के इस्तेमाल से कार्रवाई में तेजी

सोमवार से पुलिस कमिश्नरेट के अफसर अपनी न्यायिक शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपराधियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए सुनवाई कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर सकते हैं। अफसरों द्वारा अपनी न्यायिक शक्तियों के प्रयोग करने से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार बदमाशों को एडीएम, एसडीएम कोर्ट में पेश नहीं करना पड़ेगा।

# दो दिनों से रायपुर में धूप का असर ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



पश्चिम से पूर्व की ओर आने वाली हवा के प्रबल होने की वजह से शहर में ढाई डिग्री तक चढ़ चुका न्यूनतम तापमान थोड़ा कम होगा। पिछले दो दिन से राज्य में दिन में धूप का असर सबसे ज्यादा रायपुर में महसूस हो रहा है। वहीं अंबिकापुर में रात की ठंड धीमे-धीमे कम हो रही है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य के मौसम में अभी बड़ा बदलाव की संभावना नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ अथवा अन्य तंत्रिका की वजह से तापमान में हल्की गिरावट की संभावना बनी हुई है। शनिवार को रायपुर में रात के साथ दिन का तापमान भी अन्य शहरों की तुलना में ज्यादा रहा।

# लैंडिंग के वक्त रायपुर में लड़खड़ाई फ्लाइट तकनीकी खराबी के बाद भोपाल की उड़ान कैंसिल

### रनवे से टकराकर उछला विमान, यात्रियों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





यात्रियों को लेकर दोपहर तीन बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंची फ्लाइट लैंडिंग के दौरान रनवे पर लड़खड़ा गई। जमीन से टकराकर विमान थोड़ा उछला, जिससे सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। विमान में आई तकनीकी खराबी की वजह से फ्लाइट वापसी की यात्रा स्थगित कर दी गई है। इससे भोपाल जाने वाले यात्रियों का सफर पूरी तरह बाधित हो गया, क्योंकि रायपुर से भोपाल के बीच एकमात्र फ्लाइट का संचालन होता है। जानकारी के मुताबिक भोपाल-रायपुर-भोपाल के बीच एक नियमित फ्लाइट का संचालन होता है। शनिवार को यह फ्लाइट अपने निर्धारित समय से 38 मिनट लेट से रायपुर के लिए रवाना हुआ थी। सूत्रों के अनुसार दोपहर सवा तीन बजे लैंडिंग के दौरान फ्लाइट रनवे से टकराने के बाद थोड़ी उछली, जिससे उसमें सवार यात्रियों को हल्का झटका लगा और हड़कंप मच गया, मगर थोड़ी देर में ही विमान लैंड हो गया। सूत्रों के मुताबिक विमानतल ⏭ शेष पेज 18 पर

### सामान्य स्थिति में हवाई सफर

परीक्षाएं नजदीक आने की वजह से विमानों का सफर अभी सामान्य स्थिति में है। रायपुर एयरपोर्ट से विमानों की आवाजाही 56 से 58 बार प्रतिदिन हो रही है और इसमें यात्रियों की संख्या भी ठीक ठाक है। ट्रैवल्स सूत्रों का कहना कि महीनेभर टिकट बुकिंग का ऑफ सीजन रहने और उसके बाद गर्मी की छुट्टियां मनाने वालों से फ्लाइट भरकर आवाजाही करेगी।

### शिकार की घटना पर अंकुश लगाने समीक्षा बैठक में लिया गया था निर्णय

# वन अपराधियों के सामाजिक बहिष्कार के फैसले पर बैकफुट पर आए अफसर, निर्णय रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शिकार तथा वन अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगाने में नाकाम वन विभाग के अफसरों ने वन अपराधियों पर नकेल कसने जन जागरूकता अभियान चलाकर वन अपराधियों का सामाजिक बहिष्कार कराने का निर्णय वापस ले लिया है। वन अपराध पर नकेल कसने 24 दिसंबर को आयोजित समीक्षा बैठक में वन अपराधियों का सामाजिक बहिष्कार कराने निर्णय लिया था। समीक्षा बैठक पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ अरुण पाण्डेय की अध्यक्षता में हुई थी। वन अपराधियों का सामाजिक


वन अपराध रोकने में नाकाम वन विभाग अब ग्रामीणों को लड़ाने की योजना बना रहा

बहिष्कार कराए जाने के निर्णय के खिलाफ हरिभूमि ने पांच फरवरी को प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशन होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे गंभीरता से लेते हुए वनबल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव को जांच के निर्देश दिए थे। बताया जा रहा है, मुख्यमंत्री के जांच के निर्देश देने के बाद पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ ने निर्णय वापस लिया। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ की समीक्षा बैठक में 15 भारतीय ⏭ शेष पेज 18 पर

खबर का खबर

### वन अपराध पर अंकुश लगाने सामाजिक चेतना

वन अपराध पर अंकुश लगाने अब विभागीय अधिकारी समाज प्रमुख तथा धर्म गुरुओं के माध्यम से सामाजिक चेतना जागृत करने का काम करेंगे। आदिवासी समुदाय में पक्षी से लेकर वन्यजीव तथा पेड़ पौधों की पूजा की जाती है। समुदाय के अलग-अलग वर्ग के अनुसार जो समुदाय जिस वन्यजीव, पक्षी, पेड़ की पूजा करते हैं, उनको अपने धार्मिक तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने वन्यजीवों, पक्षी तथा पेड़ की रक्षा करने जन जागरूकता अभियान चलाएंगे।










# महाशिवरात्रि

## आस्था, साधना और आत्मजागरण का पर्व

शिव सत्य है,
शिव अनंत है
शिव अनादि है,
शिव भगवंत है,
शिव ओंकार है,
शिव ब्रह्म है
शिव शक्ति है,
शिव भक्ति है...

महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं..



महाशिवरात्रि हिंदू धर्म का एक अत्यंत पावन और रहस्यमय पर्व है, जिसे भगवान शिव की उपासना के लिए विशेष रूप से मनाया जाता है। यह पर्व फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को आता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था। कुछ ग्रंथों में यह भी माना गया है कि इसी रात्रि भगवान शिव ने तांडव नृत्य कर सृष्टि के संतुलन और परिवर्तन का संदेश दिया। इसलिए महाशिवरात्रि को केवल पर्व नहीं, बल्कि चेतना और साधना की रात्रि कहा जाता है।


**पर्व की पौराणिक मान्यताएं:**
महाशिवरात्रि अन्य त्योहारों से इस कारण अलग मानी जाती है क्योंकि इसमें उत्सव से अधिक संयम और साधना का महत्व है। इस दिन भक्त उपवास रखते हैं और रात्रि जागरण करते हैं। शिवलिंग पर जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और भस्म अर्पित की जाती है तथा "ॐ नमः शिवाय" का जाप किया जाता है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और नियम से की गई पूजा से जीवन के कष्ट दूर होते हैं और मन को शांति प्राप्त होती है।

**पूजा, उपवास और रात्रि जागरण का महत्व:**
महाशिवरात्रि से जुड़े कई रोचक और गूढ़ तथ्य भी हैं। योग परंपरा के अनुसार यह रात्रि ध्यान और आत्मचिंतन के लिए अत्यंत उपयुक्त मानी जाती है। कहा जाता है कि इस रात प्रकृति की ऊर्जा स्वतः ऊपर की ओर प्रवाहित होती है, जिससे साधना करना सहज हो जाता है। इसी कारण अनेक योगी और साधक इस पूरी रात्रि को ध्यान और मौन साधना में बिताते हैं।

**योग और ध्यान से जुड़ा रहस्य:**
भगवान शिव को संहारक कहा जाता है, लेकिन उनका संहार विनाश का नहीं, बल्कि परिवर्तन का प्रतीक है। वे अज्ञान, अहंकार और नकारात्मकता का अंत कर ज्ञान और सकारात्मकता का मार्ग दिखाते हैं। महाशिवरात्रि व्यक्ति को यह प्रेरणा देती है कि वह अपने भीतर की बुराइयों को त्यागे और नए संकल्प के साथ जीवन में आगे बढ़े।


**शिव तत्व और जीवन दर्शन:**
भारत के विभिन्न भागों में महाशिवरात्रि अलग-अलग परंपराओं के साथ मनाई जाती है। कहीं शिव बारात निकाली जाती है तो कहीं रुद्राभिषेक, भजन और कीर्तन का आयोजन होता है। कई स्थानों पर मेले लगते हैं और शिव मंदिरों में पूरी रात भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलती हैं। यह विविधता भारतीय संस्कृति की गहराई और एकता को दर्शाती है।

**देशभर में उत्सव की विविधता:**
आज के भागदौड़ और तनाव भरे जीवन में महाशिवरात्रि का संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। यह पर्व हमें रुककर आत्मचिंतन करने, संयम अपनाने और आंतरिक शांति की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। महाशिवरात्रि यह सिखाती है कि सच्ची शक्ति बाहरी दिखावे में नहीं, बल्कि मन और आत्मा के संतुलन में निहित है।
















महाशिवरात्रि
महाबचत
70% OFF*
UP TO ₹26000* CASHBACK
Amit Furniture
CRAFTED WITH EXCELLENCE
अमित में ही है फायदा
BAJAJ FINANCE
स्कैन करें और पाएं
₹3000/-*
तक का वाउचर
महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं
VOLTAS IRON ₹1000/- ₹399/- OFFER PRICE
KENSTAR MIXI SET ₹5,790/- ₹1499/- OFFER PRICE
VOLTAS 1.5 TON 3 STAR COPPER AC 64,990*/- ₹24,990/-* OFFER PRICE
2 TON 3 STAR COPPER AC 85,000/-* ₹33,990/-* OFFER PRICE
Smart Android LED TV 43" ₹11,499/- OFFER PRICE
4K Smart Android LED TV 50" ₹26,990/- OFFER PRICE
4K Smart Android LED TV 55" ₹28,990/- OFFER PRICE
4K Smart Android LED TV 65" ₹35,990/- OFFER PRICE
LED TV 32" ₹6,490/- Smart Android
4K SMART ANDROID LED TV
TAKE HOME AT JUST ₹0/-* DOWNPAYMENT
EMI STARTS FROM ₹999/-* PER MONTH
SPECIAL SCHEME
SONY SAMSUNG LG
TAKE HOME RO
@JUST ₹0* DOWNPAYMENT
@JUST ₹61* PER DAY EMI
@JUST ₹888* MONTHLY EMI
@JUST ₹0* DOWNPAYMENT
Aquaguard DISCOUNT UP TO 50%
Aquaguard KENT LG AO Smith
SIDE BY SIDE REFRIGERATOR PRICE RANGE STARTS FROM ₹46990/- EMI STARTS FROM ₹1888/-
FROST FREE REFRIGERATOR PRICE RANGE STARTS FROM ₹21990/- EMI STARTS FROM ₹1490/-
SINGLE DOOR DC REFRIGERATOR PRICE RANGE STARTS FROM ₹11990/- EMI STARTS FROM ₹999/-
TAKE HOME ANY ONE PRODUCT AT JUST ₹0/- DOWNPAYMENT
SAMSUNG LG Whirlpool VOLTAS beko
20% To 50% OFF* WATER GEYSER
KENSTAR HAVELLS VOLTAS AO Smith
3STAR 1.5 TON AC STARTING RANGE just ₹ 30,990/-*
22-40% OFF* NEW MODEL 2025
VOLTAS TAKE HOME @JUST ₹83* PER DAY EMI
DAIKIN TAKE HOME @JUST ₹0* DOWN PAYMENT
SAMSUNG TAKE HOME @JUST ₹92* PER DAY EMI
GENERAL TAKE HOME @JUST ₹166* PER DAY EMI
LG TAKE HOME @JUST ₹99* PER DAY EMI
BLUE STAR TAKE HOME @JUST ₹0* DOWN PAYMENT
TOP LOAD FULLY AUTOMATIC WM
LG SAMSUNG Whirlpool IFB VOLTAS beko
PRICE STARTS FROM ₹13990/-* EMI STARTS FROM ₹990/-*
TAKE HOME AT JUST ₹0 DOWNPAYMENT
FRONT LOAD FULLY AUTOMATIC WM
PRICE RANGE STARTS FROM ₹21990/-
EMI STARTS FROM ₹990/-
LG Whirlpool IFB SAMSUNG VOLTAS beko
SEMI AUTOMATIC WM
LG SAMSUNG Whirlpool VOLTAS beko
PRICE STARTS FROM ₹7990/-* EMI STARTS FROM ₹888/-*
DEEP FREEZER
PRICE RANGE STARTS FROM ₹18990/-
EMI STARTS FROM ONLY ₹80/-* PER DAY
VOLTAS BLUE STAR
बजाज फाइनेंस है तो चिंता किस बात की 1 EMI OFF*
15000/-*
तक का INSTANT कैशबैक
✓ 1 EMI REFUND ON SELECTED BRAND ✓ ALL BANK DEBIT CARD CREDIT CARD ACCEPTED
✓ SPECIAL CASHBACK FOR EMI CARD CUSTOMERS
SMALL APPLIANCES
TAKE HOME ALL @ JUST
₹ 44* EMI PER DAY
Invoice Financing
UP TO 20-50% OFF*
₹0 DOWNPAYMENT
UP TO 20-40% OFF*
KUTCHINA
हर डिज़ाइन के फर्नीचर कस्टमाइज़ेशन की सुविधा उपलब्ध
आज शो रूम खुला रहेगा
BEDROOM SET ₹32,000/-* मात्र
L SHAPE SOFA ₹26,000/-* मात्र
NEW STOCK AVAILABLE
DINING 6 SEATER ₹15,999/-* मात्र
MARBLE TOP CENTER TABLE ₹ 13,000/-* मात्र
ALMIRAH ₹7,999/-* मात्र
EASY FINANCE सभी कार्ड धारको के लिए EMI की सुविधा उपलब्ध*
BAJAJ FINSERV HDFC BANK AXIS BANK standard chartered SBI card citi Bank of Baroda FEDERAL BANK kotak
एक समझदारी भरा फैसला सपूर्ण खुशहाली
अमित सेल्स
संपर्क : 88199 00083, 99261 27001
फाफाडीह-स्टेट बैंक के पास, रायपुर
जी.ई.रोड-आयुर्वेदिक कॉलेज के सामने, रायपुर | श्रीकांत वर्मा मार्ग, बिलासपुर
*OFFER ON SELECTED BRANDS * T&C APPLY
नियम व शर्तें लागू*
SONY SAMSUNG LG mi ONEPLUS EUREKA FORBES KENT Whirlpool IFB VOLTAS PHILIPS KENSTAR GENERAL KUTCHINA DAIKIN

## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ पॉवर कंपनी को राष्ट्रीय सम्मान

**रायपुर।** एनटीपीसी द्वारा रायपुर में आयोजित इंडियन पॉवर स्टेशन ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस कॉन्फ्रेंस के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी को राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जनरेशन कंपनी के अंतर्गत संचालित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत केंद्र,(डीएसपीएम) कोरबा पूर्व को वर्ष 2024-25 के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला विद्युत केंद्र सम्मान प्रदान किया गया। यह सम्मान कंपनी के प्रबंध निदेशक एसके कटियार ने ग्रहण किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनियों के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### उर्वरकों की कीमत बढ़ाना किसान विरोधी निर्णय : बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने खेती में उपयोग किये जाने वाले जरूरी उर्वरको एनपीके और पोटाश की कीमतें बढ़ाये जाने के केन्द्र के निर्णय का विरोध किया है। एनपीके की कीमत 1,720 रुपए प्रति बोरी से बढ़ाकर 1,900 रुपए और पोटाश की कीमत 1,500 से बढ़ाकर 1,800 रुपए प्रति बोरी कर दिया गया है। एनपीके की कीमत पिछले दो सालों में 430 रुपए प्रति बोरी बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार की दुर्भावना के चलते किसानों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और खेती करना दिन-ब-दिन मुश्किल होता जा रहा है। किसान विरोधी यह सरकार हर बजट में खाद सब्सिडी घटा रही है, जिसका सीधा असर कृषि लागत में दिख रहा है। भाजपा की सरकार किसानों के हितों पर कुठाराघात कर रही है।

### पं. श्यामाचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि



**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्यामा चरण शुक्ला की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस भवन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा, उन्होंने अपने सादे जीवन, सिद्धांतों और जनसेवा के माध्यम से प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दी। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने उनके आदर्शों पर चलने तथा सामाजिक न्याय, समानता और जनकल्याण के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया।

### पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि

**रायपुर।** पुलवामा में आतंकी हमले में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने मोमबत्तियाँ जलाकर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर उनकी वीरता व बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान देश की एकता, अखंडता और शहीदों के सम्मान की रक्षा के संकल्प को दोहराया गया।

### एनक्यूएएस पर प्रशिक्षण पूरा

**रायपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा पिछले दिनों दो दिवसीय एनक्यूएएस-आईपीएचएल प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निजी होटल में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जिला स्तर की प्रयोगशालाओं में गुणवत्ता मानकों को सुदृढ़ करना तथा एनक्यूएएस प्रमाणन की दिशा में संस्थानों को सक्षम बनाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एनएचएम के प्रबंध संचालक रणबीर शर्मा थे। इस अवसर पर संयुक्त संचालक डॉ. एसके पामभोई सहित अन्य लोग मौजूद थे। प्रशिक्षण के दौरान आठ प्रमुख घटकों, गुणवत्ता सुधार उपायों तथा प्रयोगशाला सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने अपने-अपने संस्थानों में गुणवत्ता सुधार प्रक्रिया को प्रभावी रूप से लागू करने का संकल्प लिया।

# छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची से 19 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम कटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) ने प्रदेश की चुनावी तस्वीर ही बदल दी है। ड्राफ्ट मतदाता सूची में 27.34 लाख नाम हटाए जाने के बाद अब तक मात्र 2.95 लाख लोगों ने ही दोबारा नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया है। अब साफ है कि अंतिम सूची में 19 लाख से अधिक मतदाता कम हो सकते हैं।

एसआईआर से पहले प्रदेश में कुल 2,12,30,737 मतदाता दर्ज थे। 23 दिसंबर को प्रारंभिक प्रकाशन के साथ ही 27,34,817 नाम हटाए गए और मतदाताओं की संख्या घटकर 1,84,95,920 रह गई। अब तक मिले आवेदनों को जोड़ भी लिया जाए तो अंतिम सूची में मतदाताओं की संख्या लगभग 1.90 करोड़ के आसपास रहने का अनुमान है।

**खास बातें**

- एसआईआर के बाद बदलेगा चुनावी गणित, अब तक 2 .95 लाख आवेदन
- दावा आपत्ति पर सुनवाई पूरी, 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन



### इस कारण से कटेंगे नाम

*निर्वाचन विभाग के अनुसार 6,42,234 नाम मृतकों के थे, जिन्हें हटाया गया। करीब 1.75 लाख नाम दोहरी प्रविष्टि (डबल एंट्री) के कारण हटे। सबसे बड़ी संख्या 19,13,540, ऐसे मतदाताओं की है, जो शिफ्ट हो चुके थे, पते पर उपलब्ध नहीं मिले या सत्यापन में अनुपस्थित रहे। एसआईआर के दौरान 6.13 लाख मतदाताओं तक बीएलओ पहुंच ही नहीं सके। कई पते पुराने निकले, कुछ घरों पर ताला मिला तो कई मामलों में लोग दूसरे शहरों में जा चुके थे। नोटिस जारी हुए, लेकिन बड़ी संख्या में जवाब नहीं आया। प्रदेशभर में करीब 50 हजार लोग ही सुनवाई में उपस्थित हुए।*

### एआई की सख्ती में फंसे नाम

साफ्टवेयर और एआई आधारित जांच में छोटी-छोटी विसंगतियां भी पकड़ में आईं। नाम में वर्तनी का अंतर, उपनाम गायब होना, एक ही परिवार के दो सदस्यों की एंट्री गड़बड़ होना। कई मतदाताओं के पास निर्धारित 13 में से कोई वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं था, जिससे सत्यापन नहीं हो पाया।

### समयसीमा खत्म, अब अंतिम सूची का इंतजार

नाम जुड़वाने के लिए आवेदन की समय-सीमा समाप्त हो चुकी है। फार्म-6 के तहत 2.95 लाख आवेदन ही आए, जो कटे हुए नामों का करीब 10-11 प्रतिशत है। ऐसे में यह लगभग तय है कि बड़ी संख्या में पुराने मतदाता अंतिम सूची से बाहर रह जाएंगे। 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होगी। राजनीतिक दलों और चुनावी विश्लेषकों की नजर अब इसी पर टिकी है, क्योंकि मतदाताओं की संख्या में यह बड़ा बदलाव आगामी चुनावी समीकरणों को भी प्रभावित कर सकता है।

## आठ से बढ़कर 17 होगी शासकीय नर्सिंग कालेजों की संख्या

# नए नर्सिंग कालेजों से 540 सीटों का होगा इजाफा पढ़ाई सस्ती, बुनियादी सुविधाओं में होगी बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आने वाले शिक्षण सत्र से राज्य में आठ नहीं 17 शासकीय नर्सिंग कालेजों में एडमिशन होने की संभावना है। राज्य शासन द्वारा नौ नए कालेज को स्वीकृति देने के बाद बीएससी नर्सिंग की सीटों का इजाफा होगा। सरकारी सीटें 1300 से अधिक होने की वजह से नर्सिंग की पढ़ाई सस्ती होगी। इससे राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं में बुनियादी सुविधाओं का इजाफा होने की उम्मीद है।

राज्य शासन द्वारा नवा रायपुर सहित राज्य के नौ स्थानों पर शासकीय नर्सिंग कालेज की स्थापना की घोषणा की गई है। कालेज के निर्माण के लिए जमीन का चिन्हांकन कर आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसके बाद सीजीएमएससी द्वारा 7829.49 लाख रुपए के खर्च से कालेज भवन का निर्माण करने के साथ अन्य आवश्यक सुविधाएं जुटाई जाएगी। अधिकारिक सूत्रों का दावा है शासकीय कालेजों की संख्या बढ़ने से नर्सिंग की पढ़ाई सस्ती होगी और ज्यादा छात्रों को इसका लाभ मिल पाएगा। वर्तमान में निजी नर्सिंग कालेजों में बीएससी की पढ़ाई का शुल्क 60 हजार से 1 लाख रुपए तक है। वहीं शासकीय कालेजों में फीस 20 से 30 हजार रुपए है। 540 सीट बढ़ने के बाद राज्य में नर्सिंग की शासकीय कालेजों की सीट 1300 से अधिक हो जाएगी। इससे ज्यादा छात्रों को पढ़ाई का मौका मिलेगा और राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में बुनियादी सुविधाओं के साथ मानव संसाधन का इजाफा भी होगा।

**कालेज के लिए जमीन चिन्हांकित, 7829 .49 लाख के खर्च से होगा भवन निर्माण, सीजीएमएससी**




### इन स्थानों पर खुलेगा कालेज

योजना के मुताबिक नौ ने शासकीय नर्सिंग कालेज नवा रायपुर के अलावा, धमतरी, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, बलरामपुर, जशपुर, बैकुंठपुर, बीजापुर और दंतेवाड़ा में खोले जाएंगे। सुदुर इलाकों में नर्सिंग कालेज खोलने का उद्देश्य उस इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर पर मजबूत करना है। यहां 60-60 सीटों के साथ कालेज की शुरुआत की जाएगी। वर्तमान में शासकीय नर्सिंग कालेज, रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, दुर्ग, जगदलपुर, रायगढ़, कांकेर और राजनांदगांव जिले में संचालित है। इन कालेजों में अभी बीएससी की सौ-सौ सीटें हैं।

### मानव संसाधन की व्यवस्था भी

वर्तमान में शासकीय नर्सिंग कालेज मानव संसाधन की कमी से जूझ रहा है। राज्य के किसी भी शासकीय कालेज में नियमित प्राध्यापक नहीं है और कार्यरत तीन संविदा आधार पर अपनी सेवा दे रहे हैं। इसी तरह असिस्टेंट प्रोफेसर के काफी पद खाली पड़े है। नए कालेज की शुरुआत के साथ पुराने में भी फैकल्टी की कमी दूर होगी। नए कालेजों के ध्यान में रखते हुए प्रति संस्था 42 पद के मान से कुल 378 पदों की सृजन की अनुमति दी गई जिस पर शीघ्र भर्ती की जाएगी।

### यह होगी चुनौती

सूत्रों के अनुसार वर्तमान में राज्य में शासकीय और निजी मिलाकर नर्सिंग कालेजों की संख्या 130 के आसपास है जहां बीएससी नर्सिंग की लगभग 7800 सीटें है। इन सीटों पर प्रवेश के लिए हर साल न्यूनतम अंक में कमी की जाती है। जानकारों का कहना है कि कालेजों की संख्या बढ़ने से प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी और काफी संख्या में सीट खाली रहने की आशंका हमेशा बनी रहेगी।

# भाजपा के सभी मोर्चा की कल बड़ी बैठक, मुख्यमंत्री, प्रदेशाध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेताओं का मिलेगा मार्गदर्शन

- मंगलवार को प्रशिक्षण कार्यशाला, आएंगे गुजरात के क्षेत्रीय प्रशिक्षक केसी पटेल




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा का प्रदेश संगठन अपने सभी मोर्चा के पदाधिकारियों को भाजपा की रीति-नीति बताने के लिए उनकी एक साथ बड़ी बैठक सोमवार को कर रहा है। इस बैठक में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा को भी आमंत्रित किया है। इसी के साथ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय भी बैठक में रहेंगे। इन सभी का मोर्चा के नए पदाधिकारियों को मार्गदर्शन मिलेगा। सभी मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति भी होगी। दूसरे दिन मंगलवार को एक प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है। इसमें प्रशिक्षण देने क्षेत्रीय प्रशिक्षक गुजरात के केसी पटेल आएंगे। इस कार्यशाला में संभाग, जिलों के प्रभारियों के साथ जिलों की प्रशिक्षण टोली रहेगी। प्रदेश भाजपा संगठन में सात मोर्चा हैं। इन सभी की कार्यकारिणी के साथ ही जिलों के अध्यक्ष भी घोषित हो गए हैं। ज्यादातर मोर्चा में प्रदेश के पदाधिकारियों के साथ ही जिलाध्यक्ष भी नए हैं। ऐसे में इन सभी को भाजपा की रीति-नीति बताने के लिए सभी मोर्चा की संयुक्त बैठक की जा रही है। 16 फरवरी को होने वाली बैठक में सभी मोर्चा के प्रदेश के सभी पदाधिकारी, स्थाई और आमंत्रित सदस्य और जिलाध्यक्षों को बुलाया गया है।

### तीन सत्र होंगे

बैठक का उद्घाटन सुबह को होगा। इसके बाद दूसरे सत्र में सभी मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति होगी। इसके बाद अंत में समापन सत्र होगा। इस बैठक में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा का भी सभी को मार्गदर्शन मिलेगा। सभी मोर्चा में ज्यादातर पदाधिकारी नए हैं, ऐसे में उनको भाजपा की रीति-नीति बताते हुए बताया जाएगा कि किस तरह से काम करना है।

### कार्यशाला में देंगे प्रशिक्षण

दूसरे दिन भाजपा के प्रदेश संगठन के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इस कार्यशाला में जिलों में जो प्रशिक्षण टोली बनाई गई है, उसके साथ ही संभाग और जिलों के प्रभारी, जिलाध्यक्षों को बुलाया गया है। इनको क्षेत्रीय टोली के केसी पटेल प्रशिक्षण देंगे। इसके बाद प्रशिक्षण लेने वाले आगे जिलों, मंडल और बूथ स्तर पर प्रशिक्षण देने का काम करेंगे।

# विधायक सोनी ने शहीद पंकज विक्रम वार्ड में किया भूमिपूजन

महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर , पार्षद स्वप्निल मिश्रा रहे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने शनिवार को महापौर मीनल चौबे और सभापति सूर्यकांत राठौर के साथ शहीद पंकज विक्रम वार्ड में आधा दर्जन विभिन्न स्थानों पर उद्यान सौंदर्यीकरण, सामुदायिक भवन, रंगमंच, स्पीड ब्रेकर निर्माण नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। उन्होनें वार्ड वासियों को एक साथ करीबन 36 लाख रुपए के विकास कार्यो की सौगात दी।

नगर निगम जोन 6 स्थित शहीद पंकज विक्रम वार्ड में विधायक निधि और सामान्य मद से 6 स्थानों पर विकास कार्यो का भूमिपूजन टैगोर नगर चौक क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी ने महापौर मीनल चौबे के साथ मिलकर किया। इसमें आरएमएस कालोनी में शिवमंदिर के पास रंगमंच निर्माण , त्रिलोकी मां कालीबाड़ी समिति राजेन्द्र नगर में



सामुदायिक भवन में अतिरिक्त हॉल, गुलाब बाबा मंदिर के पास विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण कार्य शामिल है।

इसके साथ ही आम जनता की सुविधा के लिए वार्ड के विभिन्न स्थानों पर स्पीड ब्रेकर का निर्माण, श्रीराम उद्यान सौंदर्यीकरण कार्य कराया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य दीपक जायसवाल, भोलाराम साहू, जोन अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, पार्षद स्वप्निल मिश्रा, रमेश सपहा सहित वार्डवासी शामिल हुए।

# बिजली बिल बकाया पर सरचार्ज माफ करने की तैयारी, नियम पड़ रहे भारी

आम उपभोक्ता और सरकारी विभागों को मिलाकर पांच हजार करोड़ की लेनदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी की उपभोक्ताओं पर पांच हजार करोड़ की लेनदारी है। इसमें से सबसे ज्यादा तीन हजार करोड़ की लेनदारी सरकारी विभागों पर है। वैसे भी सरकारी विभागों पर हमेशा से लेनदारी रहती है। सरकारी विभाग कभी बिजली बिल जमा ही नहीं करते। इसी के साथ बड़े अधिकारी, नेता, मंत्रियों, विधायकों और सांसदों के साथ आम उपभोक्ताओं पर दो हजार करोड़ से ज्यादा का बकाया है।

बकाया वसूली में पॉवर कंपनी का पसीना छूट रहा है। ऐसे में योजना बनाई जा रही है कि सरचार्ज माफ करके बकाया वसूला जाए, लेकिन यह काम इतना आसान नहीं है। इसके लिए नियम कड़े हैं। इसकी मंजूरी लेना भी डेढ़ी खीर है, लेकिन प्रयास जरूर किया जा रहा है। पॉवर कंपनी के लिए बकाया हमेशा से परेशानी का सबब रहा है। खासकर सरकारी विभागों का बकाया लेने में कंपनी को बहुत मशक्कत करनी पड़ती है। विभाग तो बिजली बिल जमा नहीं करते हैं, ऐसे में कंपनी को बकाया वसूली के लिए प्रदेश



सरकार को पत्र लिखकर बजट से बकाया लेना पड़ता है। सरकारी विभागों का बकाया तो देर सवेर मिल ही जाता है, लेकिन सबसे बड़ी परेशानी का कारण रसूखदार लोग हैं। इनसे बकाया लेने में पसीना छूट जाता है। इनकी बिजली भी कट करने का साहस कंपनी के अधिकारी नहीं दिखा पाते हैं। रसूखदारों पर ही करोड़ों का बकाया है।

### हजार रुपए बकाया पर भी बिजली कट

जहां तक आम उपभोक्ताओं का सवाल है तो इन पर ही हमेशा कड़ाई की जाती है। लंबे समय से वसूली अभियान चल रहा है। प्रदेश के कई शहरों में महज हजार रुपए बकाया पर ही सीधे कंट्रोल रूम से बिजली कट की जा रही है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद अब यह काम आसान हो गया है। राजधानी रायपुर में तीन हजार का बकाया होने पर बिजली कट हो रही है। भले यह बकाया एक माह का ही क्यों न हो।

### सरचार्ज माफ करने का कड़ा नियम

हजारों की संख्या में ऐसे उपभोक्ता हैं जिन पर बरसों से बकाया है। इनके बकाया पर सरचार्ज भी बहुत हो गया है। ऐसे में ये उपभोक्ता बिल ही जमा नहीं करते हैं। सरकारी विभागों पर भी बड़ा सरचार्ज है। अब पॉवर कंपनी इस तैयारी में है कि सभी का सरचार्ज माफ करके वसूली की जाए, लेकिन इसका नियम आसान नहीं है कि एक आदेश निकाल और हो गया काम। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक पहले कंपनी को कंपनी के बोर्ड में इसकी मंजूरी लेनी होगी, इसके बाद प्रस्ताव बनाकर बिजली नियामक आयोग को भेजना होगा। वहां से मंजूरी लेने के बाद भी प्रदेश सरकार से भी मंजूरी लेनी होगी, इसी के बाद सरचार्ज माफ हो सकेगा।

# केंद्रीय किचन में 42600 बच्चों के लिए तैयार होता है मध्यान्ह भोजन, खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में पहल संस्था द्वारा कमल विहार स्थित संचालित केंद्रीय किचन सेंटर में प्रतिदिन 242 स्कूलों के अध्ययनरत 42600 बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन तैयार किया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने इस केंद्रीय किचन सेंटर का औचक निरीक्षण कर खाद्य सामग्री, भोजन की गुणवत्ता के साथ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। हालांकि इस दौरान उन्हें वहां किसी भी प्रकार की कमियां नहीं मिली।



### कंटेनर में लगभग 4 घंटे तक गरम रहता है भोजन

उन्होंने बताया कि केंद्रीय किचन में बच्चों के लिए बनाया जाने वाला भोजन को कंटेनरों के माध्यम से स्कूलों में भेजा जाता है। कंटेनर में भोजन लगभग 4 घंटे तक गरम रहता है। सुबह के समय लगने वाले स्कूलों के लिए भोजन 7 बजे तक तैयार कर भेज दिया जाता है, वहीं 11 से 12 बजे लगने वाले स्कूलों के लिए अधिकतम 11 बजे तक सभी स्कूलों के लिए भोजन रवाना कर दिया जाता है।



### आलू-राजमा की सब्जी मिक्स दाल, चावल को चखकर परखी क्वालिटी

खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने बताया कि औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने किचन में बच्चों के लिए बना मध्यान्ह भोजन को चखकर उसकी गुणवत्ता परखी। किचन में बच्चों के लिए आलू-राजमा की सब्जी, मिक्स दाल एवं चावल बना था। उन्होंने तीनों को चखकर स्वाद और क्वालिटी को परखी। इनका स्वाद और क्वालिटी घर की तरह ही था। इसके साथ ही किचन में साफ-सफाई की व्यवस्था भी सही मिली। हालांकि उन्होंने बताया कि फोर्टिफाइड चावल को यहां पसा कर बनाया जा रहा है, जिससे फार्टिफाइड चावल का पोषक तत्व खत्म हो जाता है। उन्होंने निर्देश दिए कि फोर्टिफाइड चावल को चोआ पद्धति से बनाए, ताकि चावल के माध्यम से बच्चों को पोषक तत्व भी मिल सके।

### एमबी स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ियों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**रायपुर।** नई स्थित दिल्ली केडी जाधव इंडोर स्टेडियम, आईजी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 5वां इंडिया ओपन इंटरनेशनल किक बॉक्सिंग कप 4 से 8 फरवरी एमबी स्पोर्ट्स अकादमी रायपुर में आयोजित किया गया। जहां एकेडमी रायपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल पदक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में तृप्ति सिंह ने स्वर्ण पदक तथा पाइंट फाइट में कांस्य पदक प्राप्त किया। वहीं श्लोक झा ने भी में स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की। दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता पर प्रशिक्षकों, अभिभावकों एवं खेल प्रेमियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


16
शिवालयों में निभाई वैवाहिक रस्में......

जेसीआई रायपुर वामा कैपिटल ने विमतारा में चितवन आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों के साथ मिलकर आश्रम स्थापना के उपलक्ष्य में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया। जहां गीत-संगीत के साथ कृष्ण लीला थीम पर मनमोहक प्रस्तुतियों की कई श्रृंखलाएं सजाई गईं।

● जेसीआई वामा ने चितवन आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों संग विमतारा में मचाई वार्षिकोत्सव की धूम

# कृष्ण लीला से जुड़े गीतों पर थिरके पांव, बुजुर्गों ने मिथुन और राजेश खन्ना की मिमिक्री से जमाया रंग

रायपुर। शनिवार को किए गए इस आयोजन में आश्रम के बुजुर्गों ने श्रीकृष्ण जन्म से लेकर उपदेश तक कई लीलाओं का मंचन किया। इसकी शुरुआत ईश्वर वंदना के साथ की गई। इसे प्रेसिडेंट डॉ. धृति वैभव शर्मा एवं डॉ. अवंतिका ठाकुर द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा, राजेश अग्रवाल एवं अमिताभ दुबे शामिल हुए। वहीं चितवन आश्रम में रहने वाले दीपक दीक्षित ने किशोर कुमार, मिथुन चक्रवर्ती, राजेश खन्ना जैसे कलाकारों की मिमिक्री से दर्शक दीर्घा में मौजूद लोगों से वाहवाही लूटी।

### युवाओं के साथ बुजुर्गों ने भी बांधा समां

आयोजन की निर्देशिका सरिता पटनायक, संगीता चक्रवर्ती और पीआरओ प्रियंका कहालिया ने जेसीआई वामा के साथ सजाई गई प्रस्तुतियों की श्रृंखला को आगे बढ़ाने में कड़ी की तरह दायित्व निभाया। वार्षिकोत्सव की झलकियों से पूरा हॉल ठहाकों से ही नहीं, बल्कि संवादों से भावुक भी हुआ। दिल को छूने वाले और भावविभोर करने वाली प्रस्तुतियों ने लोगों को खुशनुमा माहौल दिया। कार्यक्रम के दौरान वामा के मेंबर्स ने चितवन के सदस्यों को उपहार देकर सम्मानित किया। आश्रम की सदस्य उर्मिला देवांगन और कैलाश त्रिपाठी को बेस्ट चितवन सदस्य 2025-26 का खिताब मिला।







### हर किसी ने वार्षिकोत्सव में किया सहयोग

वार्षिकोत्सव को सफल बनाने में चितवन आश्रम के सदस्यों और जेसीआई वामा के मेंबर्स ने कोई कसर नहीं छोड़ी। हर किसी ने इस अवसर को यादगार बनाने का सफल प्रयास किया। डांस, मिमिक्री और कृष्ण लीला की भावपूर्ण प्रस्तुति इस वार्षिकोत्सव का आकर्षण रही। चितवन में रहने वाले बुजुर्गों ने अपनी तकलीफों को भूलकर हंसने-हंसाने का दर्शकों को अवसर दिया। उनके प्रयासों और जिंदादिली के साथ दी गई प्रस्तुति को सभी ने करतल ध्वनि से सराहा।

## पैथोलॉजी के क्षेत्र में नई तकनीक की दी जानकारी, रिसर्च पर भी चर्चा



रायपुर। शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में शनिवार को दंत शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत डिपार्टमेंट ऑफ ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजी की ओर से शैक्षणिक दृष्टि से स्लाइड सेमिनार का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यभारत का एक प्रमुख सीडीई व स्लाइड सेमिनार रहा, जिसमें देश के लगभग आधे राज्यों के विभिन्न दंत चिकित्सा महाविद्यालयों ने सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य व कार्यक्रम के संरक्षक डॉ. वीरेंद्र वाढेर (प्रोफेसर) और मुख्य वक्ता डॉ. अंजना मजूमदार, प्रोफेसर, ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजी विभाग, डॉ. आर. अहमद डेंटल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस स्लाइड सेमिनार में ओरल पैथोलॉजी के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों, माइक्रोस्कोपिक स्लाइड्स के उपयोग व विभिन्न प्रकार के ओरल लेजर मामलों की विस्तृत एवं व्यावहारिक व्याख्या की गई।

### दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण

सेमिनार के दौरान स्नातकोत्तर विद्यार्थियों द्वारा ओरिजिनल रिसर्च, केस रिपोर्ट एवं रिव्यू प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए गए, जिससे प्रतिभागियों को अकादमिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण का भी लाभ प्राप्त हुआ। इस शैक्षणिक आयोजन में लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को देश के विभिन्न राज्यों से अत्यंत सकारात्मक एवं उत्साहजनक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई।



### मातृ-पितृ पूजन समारोह

बिरगांव स्थित आकांक्षा इंस्टिट्यूट ऑफ लर्निंग एंड एंपावरमेंट में शनिवार को मातृ-पितृ पूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग विद्यार्थियों में अपने माता-पिता के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं संस्कारों की भावना को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में दिव्यांग विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का तिलक कर, चरण स्पर्श कर एवं पुष्प अर्पित कर उनका पूजन किया। इस दौरान विद्यालय परिसर भावुक क्षणों से भर उठा। कई अभिभावकों की आंखें गर्व और खुशी से नम हो गईं। दिव्यांग विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने माता-पिता के प्रति प्रेम और आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को प्रसाद वितरण किया गया तथा समूह छायाचित्र के साथ समारोह का समापन हुआ।

### मातृ-पितृ पूजन दिवस पर भावुक हुए अभिभावक



बोरियाखुर्द स्थित वेदाचार्य स्कूल में मातृ-पितृ पूजन दिवस श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपने माता-पिता की सात परिक्रमा कर विधिवत पूजन-अर्चन किया तथा उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। अपने बच्चों के इस भावनात्मक सम्मान से अभिभावक भी भावुक हो उठे और उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संस्कृति में निहित माता-पिता के सम्मान, सेवा एवं कृतज्ञता की भावना को जन-जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम ने बच्चों में संस्कार, अनुशासन एवं पारिवारिक मूल्यों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने का संदेश दिया।

### मातृ पितृ पूजन दिवस कार्यक्रम मनाया गया



कमल विहार डूंडा में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल डुंडा और हरि ॐ साधक परिवार के तत्वधान मे 14 फ़रवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस का कार्यक्रम मनाया गया। डूंडा स्थित डूंडेश्वर मंदिर में बड़े ही श्रद्धा व उत्साह के माहौल में मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया गया। बजरंग दल डुंडा और हरि ॐ साधक परिवार के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में माता-पिता और बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने इस दिन को खास रूप में मनाते हुए अपने माता-पिता की आरती उतारी और पूरे विधि विधान के साथ उनकी पूजा की। पिछले कई वर्षों से 14 फरवरी को लगातार यह आयोजन किया जाता रहा है। कहा, भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने के उद्देश्य से इस दिन को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में मनाते हैं।



### जीवन के वास्तविक उद्देश्यों से भटक रही है युवा पीढ़ी

संस्था सर्वमंगल फाउंडेशन द्वारा 14 फरवरी को 'वैलेंटाइन डे' का पुरजोर विरोध करते हुए इसे 'मातृ-पितृ पूजन दिवस' के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। फाफाडीह स्थित कर्मा उच्चतर माध्यमिक स्कूल में हुए कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों और गौरवशाली हिंदू संस्कृति से जोड़ना था। संस्था की अध्यक्ष अनिता दुबे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वैलेंटाइन डे भारतीय संस्कृति का हिस्सा नहीं है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा, पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण के कारण आज की युवा पीढ़ी अपने जीवन के वास्तविक उद्देश्यों से भटक रही है और कुसंगति की ओर बढ़ रही है। हमारी हिंदू संस्कृति 5000 साल पुरानी और अत्यंत समृद्ध है।

### मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाने निकाली सुप्रचार बाइक रैली



*भारतीय संस्कृति में माता-पिता के सम्मान एवं कृतज्ञता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 14 फरवरी मातृ-पितृ पूजन दिवस के उपलक्ष्य में आश्रम के तत्वावधान में शुक्रवार को भव्य बाइक रैली निकाली गई। दोपहर 2 बजे आश्रम परिसर में आरती के पश्चात युवा सेवा संघ एवं महिला मंडल के भाई-बहनों ने सफेद वस्त्र एवं संघ की टी-शर्ट धारण कर उत्साहपूर्वक रैली का शुभारंभ किया। हाथों में बैनर एवं संदेश पट्टिकाएं लेकर युवाओं ने पूरे शहर में भ्रमण करते हुए 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाने का संदेश दिया।*






## खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि पर मेला आज ग्राम लखाना में

**तरपोंगी।** सोमनाथ धाम (लखना) में महाशिवरात्रि के अवसर पर 15 मार्च दिन रविवार को विशाल मेला लगेगा। शिवनाथ एवं खारून नदी के संगम स्थल पर हजारो श्रद्धालु जन डुबकी लगाकर भू फोड़ शिव लिंग का दर्शन पूजन करते है। प्रतिवर्ष लगने वाला सोमनाथ मेला दूर दराज एवं आस पास के गांवों से आने वाले लोगो की धार्मिक श्रद्धा एवं आस्था का केंद्र है।

### भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय से छग प्रतिनिधिमंडल की भेंट

**कूंरा।** नई दिल्ली प्रवास के दौरान भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश से राज्यसभा सांसद एवं भारतीय जनता पार्टी के मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. के. लक्ष्मण से भाजपा ओबीसी मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट कर संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू के नेतृत्व में प्रदेश महामंत्री अशोक सिन्हा सहित प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर, सक्ती के पूर्व विधायक एवं पूर्व महामंत्री डॉ. खिलावन साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री देंश दीवान तथा श्री चुन्नीलाल साहू जी उपस्थित रहे। प्रदेश महामंत्री श्री अशोक सिन्हा जी ने छत्तीसगढ़ में ओबीसी मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनसंपर्क कार्यक्रमों, सामाजिक संवाद अभियान तथा संगठन विस्तार की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को दी।

:: उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु ::
(आदेश - 5, नियम - 20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)

**न्यायालयः - कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.**

उत्तराधिकार प्र.क्र.-36/2026 प्रो.क्र. 120/26
पेशी तारीख 09.04.2026

रमेश कुमार देवनानी .........आवेदक
बनाम
आम जनता .......अनावेदक

**प्रति,**
**आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण**

जो कि आवेदकगण के मृतक पति/पिता स्व. कन्हैया लाल देवनानी के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 09.04.2026 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।

आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेंगा ।

**नोटः-** यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेंगा ।

यह आज तारीख 10.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 10.02.2026

(कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा)
षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
मुहर रायपुर (छ.ग.)

### 23 को बिलासपुर मुख्यालय में जोनल सलाहकार समिति की होगी बैठक

# तिल्दा रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास थमा अवधि समाप्त, 50 प्रतिशत कार्य अधूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा



अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना में हो रहे विलंब,और निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण यात्री और स्थानीय लोग नाराज है ।यात्रियों को दैनिक असुविधाओं, मलबे और निर्माण के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,नियमानुसार कार्य पूर्ण हो जाना था।बावजूद 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण नहीं हुआ है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्षेत्रीय रेलवे उपभोक्ता परामर्श दात्री समिति की बैठक 23 फरवरी को बिलासपुर मुख्यालय में होने जा रही है बैठक में इस मुद्दे को रेलवे बोर्ड के पूर्व राष्ट्रीय सलाहकार सदस्य और जोनल सलाहकार समिति सदस्य दीपक शर्मा जोर शोर से उठाएगे।

जोनल सलाहकार समिति सदस्य दीपक शर्मा ने बताया कि समिति बैठक में समस्याओं पर समीक्षा कर प्रस्ताव रेल मंत्रालय से स्वीकृति की मांग की जाएगी। साथ ही तिल्दा नेवरा, भाटापारा रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन पुनर्विकास योजना निर्माण कार्य में हो रहे विलंभ के कारणों की जाँच कर कार्यवाही करने के साथ निर्माण में गति लाने की मांग की जाएगी , उन्होंने माना की निर्माण कार्य पूर्ण करने की अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण नहीं हुआ है।

### नई ट्रेन और ट्रिब्यूनल कोर्ट मांग की

गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस को दुर्ग तक विस्तार किए जाने के लिए यात्री हित में बहुत पुरानी मांग है, इसके इसके विस्तार में मेंटेनेंस टाइमिंग और स्थान की समस्या जारी है जानकारी अनुसार रीवा में पर्याप्त समय मेंटेनेंस हेतु उपलब्ध है परंतु इसके मेंटेनेंस के लिए पश्चिम मध्य रेलवे अनुमति होती है तो इस ट्रेन को दुर्ग तक विस्तारित करने में कोई असुविधा नहीं होगी। वर्तमान में इसका मेंटेनेंस दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा किया जाता है और दुर्ग तक विस्तारित करने में मेंटेनेंस हेतु पर्याप्त समय उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। रेल संबंधी व्यावसायिक विवादों के निपटान के लिए रायपुर में ट्रिब्यूनल कोर्ट की स्थापना की मांग रखी गई है वर्तमान में व्यापारियों को भोपाल जाना पड़ता हैं। और बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं।

# कांग्रेस ने गांवों में चलाया मनरेगा बचाओ संग्राम



हरिभूमि न्यूज ⏭ तरपोंगी

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ब्लाक कांग्रेस कमेटी तिल्दा ग्रामीण के नेतृत्व में ग्राम पंचायत निनवा व ग्राम पंचायत किरना में मनरेगा बचाओ कार्यक्रम रखा गया था। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष बलदाऊ साहू, समन्वयक रतनचंद निषाद, भरत वर्मा, सरपंच गोविन्द सारंग, सरपंच जनार्दन वर्मा, भगवती सिरमौर, पूर्व सरपंच नूतन साहू, मंडल अध्यक्ष पुनाराम वर्मा, सेक्टर प्रभारी टिकेश्वर धुरंधर, ताराचंद वर्मा, सेक्टर प्रभारी भूषण वर्मा, संजू साहू, जगदीश साहू, रामशरण नायक,लखन वर्मा, तरुण वर्मा,बलदाऊ यादव, दिनेश साहू, अजय वर्मा एवं ग्राम पंचायत निनवा व किरना के कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# पं. श्यामाचरण की पुण्यतिथि मनाई



**तिल्दा नेवरा।** छत्तीसगढ़ पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्यामा चरण शुक्ला की पुण्यतिथि शनिवार को मनाई गई । इस अवसर पर तिल्दा नेवरा कांग्रेस भवन में उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित श्यामा चरण शुक्ला के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सादे जीवन, सिद्धांतों और जनसेवा के माध्यम से प्रदेश की राजनीति को नई दिशा दी। उनका जीवन कांग्रेस की विचारधारा और लोकतांत्रिक मूल्यों का सशक्त उदाहरण है।कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शैलेश नितिन त्रिवेदी ने उनके आदर्शों पर चलने तथा सामाजिक न्याय, समानता और जनकल्याण के लिए निरंतर संघर्ष करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर शहर अध्यक्ष अजितेश शर्मा.सुनील सोनी, ओम ठाकुर ,नीरज राठी,के कृष्णमूर्ति. राजेश जेठवानी .लाला शर्मा. हेमलाल साहू तोरण, जांगड़े अनूप रवानी, रवि बांधे,राहुल पारकर, कैलाश गांधी, लक्ष्मण गिरी आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पूर्व सीएम शुक्ला की पुण्यतिथि मनाई गई

**कूंरा।** शनिवार को धरसींवा ब्लाक के जोरा मंडल कांग्रेस कमेटी के द्वारा मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री रहे श्यामा प्रसाद शुक्ल जी के पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अपित कर नमन किया गया तथा जोरा मंडल के पदाधिकारी के विस्तार के सम्बंध मे प्रथम बैठक किया गया जिसमे पूर्व राज्य सभा सांसद श्री मति छाया वर्मा जी. जिला अध्यक्ष पप्पू बंजारे जी. पूर्व अध्यक्ष नारायण कुर्रे जी. ऊधो राम वर्मा जी. भावेश बघेल. डोमेश्वरी वर्मा. दुर्गेश वर्मा ब्लाक अध्यक्ष आशीष वर्मा.जोरा मंडल अध्यक्ष रंजीत गायकवाड. जयंत साहू. कन्हैया यादव कन्हैया यादव शेखर गावेस साहू चूड़ामणि साहू चिंतामणि डहरिया. मन हरण साहू.भागवत लहरी. जागेश्वर कुर्रे खेम देवांगन. दीपेश जांगड़े .संतराम नारंग. जय चंद जांगड़े महेंद्र. लष्मी. दिवाकर चोवा राम साहू.आदि उपस्थित थे ।

# वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

**कूंरा।** कनक इंग्लिश मीडियम पब्लिक स्कूल, धनेली में वार्षिक उत्सव बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ा दी। पूरे परिसर को आकर्षक सजावट और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था, जिससे उत्सव का माहौल और भी उल्लासपूर्ण हो गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य हर्षा राव एवं सह प्राचार्य रज़ा मेहदी की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अपने स्वागत संबोधन में प्राचार्य ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वार्षिक उत्सव में नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। बच्चों ने देशभक्ति, लोक संस्कृति और सामाजिक संदेशों पर आधारित मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया। छोटे-छोटे विद्यार्थियों की आत्मविश्वास से भरी प्रस्तुतियों ने सभी को भावुक और आनंदित कर दिया। तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठा।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

























संकलनकर्ता : देवेन्द्र वर्मा, हरिभूमि संवाददाता तरपोंगी, मो. 930033339

## एजुकेशन अलर्ट

# इंडियन आर्मी में भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, 1 अप्रैल अंतिम तिथि



**रायपुर।** इंडियन आर्मी में नौकरी करने का सपना देखने वाले उम्मीदवारों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। दरअसल इंडियन आर्मी ने अग्नीवीर की भर्ती के लिए कॉमन एंट्रेंस एग्जाम के लिए विज्ञापन जारी कर दिया है। जो उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं। वे इंडीयन आर्मी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इस परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आज यानी 13 फरवरी से शुरू हो गई है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 01 अप्रैल, 2026 तक इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उम्मीदवारों का चयन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम, फिजिकल फिटनेस टेस्ट , फिजिकल मेजरमेंट टेस्ट और मेडिकल परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा में चयनित किए गए उम्मीदवारों को पीएफटी टेस्ट के लिए आमंत्रित किया जाएगा।आवेदन करने के लिए सभी वर्गों के उम्मीदवारों को रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान करना अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन फीस सभी कैटेगरी के उम्मीदवारों के लिए 250 रुपये निर्धारित की गई है।

### आवेदन करने के लिए जरूरी योग्यता

इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवार भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से कक्षा 10वीं एवं 12वीं उत्तीर्ण होना चाहिए। इसके अलावा, उम्मीदवारों के पास अन्य निर्धारित पात्रताएं भी होनी चाहिए।अग्निवीर जीडी, टेक्निकल, असिस्टेंट, ट्रेड्समैन और सोल्जर टेक्निकल के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 17.5 वर्ष और अधिकतम आयु 22 व 23 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके अलावा, सिपाही फार्मा के पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 19 वर्ष व अधिकतम आयु 25 वर्ष निर्धारित की गई है। कॉमन एंट्रेंस एग्जाम में अप्लाई करने के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आज से शुरू हो गए हैं। उम्मीदवार यहां बताए गए स्टेप्स की मदद से ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए सबसे पहले ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर विजिट करें।अब वेबसाइट के होमपेज पर '**Apply Online Registration**' रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें। इसके बाद मांगी गई सभी जानकारी को ध्यान से दर्ज कर लें।

● आस्था केंद्रों में महाशिवरात्रि पर सुबह से शाम तक उत्सव का माहौल, महादेव आकर्षक श्रृंगार में देंगे भक्तों को दर्शन

# शिवालयों में निभाई वैवाहिक रस्में, आज सजेगी आकर्षक झांकी, धुमाल की धुन पर थिरकेंगे श्रद्धालु, निकलेगी बारात

**रायपुर।** रामनगर में श्री राधाकृष्ण सेवा समिति और रुद्रांश परिवार की पहल में 'नगर उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है। इसमें शिवजी और पार्वती का विवाह पारंपरिक छत्तीसगढ़ी रस्मों के साथ किया जा रहा है। भक्तों द्वारा सजाए गए लग्न मंडप में समिति के संस्थापक ओमनारायण साहू की अगवाई में शनिवार को तेल, हल्दी और संगीत का आयोजन किया गया। शाम को महादेव की आस्था से सजे गीतों की धूम रही। रविवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव के बाराती सैकड़ों भक्त बनेंगे। सुबह 11 बजे बारात श्री रूद्र महाकाल राधाकृष्ण मंदिर से प्रस्थान करेगी। जो गोकुल नगर स्थित शिव दुर्गा हनुमान, विश्वकर्मा मंदिर पहुंचेगी। जहां भक्तिमय माहौल में श्रद्धालुओं को आरती में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

### शिव-पार्वती मिलन उत्सव की रहेगी धूम

नीलकंठ सेवा संस्था की पहल पर स्टेशन रोड नहरपारा स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर में महोत्सव की श्रृंखला में पंडित नीलकंठ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में दिनभर वैवाहिक उत्सव का माहौल रहा। इसमें हर वर्ग के लोग शामिल हुए। इस श्रृंखला में शनिवार को सुबह से लेकर शाम तक पूजा और अभिषेक सहित श्रृंगार दर्शन का अवसर भक्तों ने प्राप्त किया। रविवार को शिव-पार्वती मिलन उत्सव मनाया जाएगा। इसे महोत्सव का रूप देने के लिए दिनभर पूजा, अभिषेक के साथ ही विशेष श्रृंगार दर्शन का लाभ दर्शनार्थियों को मिलेगा। सोमवार को मंदिर में मां अन्नपूर्णा महाप्रसादी उत्सव का आयोजन किया जाएगा।

'आस्था के महापर्व की धूम शहर के सभी शिवालयों में दिनभर रहने वाली है। इससे पहले तेल-हल्दी की वैवाहिक रस्मों के साथ संगीत संध्या के चलते शनिवार को भक्तिमय माहौल रहा। वहीं रविवार को आस्था केंद्रों में जहां भक्त बाराती के रूप में धुमाल और बैंड-बाजे पर थिरकते हुए नजर आएंगे। इसके लिए ओडिशा के कलाकारों की प्रस्तुति सहित माता पार्वती के साथ शिवजी की मनमोहक झांकी आकर्षण का केंद्र होगी। सुबह से ही भक्तों का सैलाब शिवालयों में उमड़ने वाला है। इसे देखते हुए आयोजकों एवं मंदिर प्रबंधन से जुड़े भक्तों ने तैयारी को अंतिम रूप दिया।'





### गायत्री शक्तिपीठ में मनाया जाएगा उत्सव

गायत्री शक्तिपीठ समता कालोनी में गायत्री ट्रस्ट द्वारा मां गायत्री की विशेष पूजा और दस स्नान के साथ ही वैदिक मंत्रो से आहुतियां दी जाएगी। प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस के मार्गदर्शन में मां गायत्री का स्थापना दिवस पर्व मनाया जाएगा। इस दिन मां गायत्री की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी इसलिए परिजनों के लिए महाशिवरात्रि का दिन और भी खास है। शनिवार को सुबह 5 बजे से शाम 5 बजे तक माताजी की साधना और महामंत्रो का जाप किया गया। रविवार को सुबह माताजी के 10 स्नान पूजन के बाद सुबह 9 बजे भगवान महाकाल का दिव्य मंत्रों से अभिषेक किया जाएगा। वैदिक मंत्रो के साथ से यज्ञ में आहुतिया दी जाएगी।

### ओडिशा के कलाकार बारात में जमाएंगे रंग

भाठागांव स्थित श्रीहर नीलकंठेश्वर धाम में शिवरात्रि पर उत्सव का माहौल बनने वाला है। दर्शन के लिए पहुंचने वाले भक्तों के बीच भोलेनाथ की दिव्य प्रतिमा जहां आकर्षण का केन्द्र बनेगी, वहीं शिवरात्रि की शाम को चांदी के दिव्य आभूषणों से श्रृंगार के बाद महादेव दर्शन देंगे। धार्मिक आयोजनों से शिवरात्रि पर भक्ति का चौतरफा रंग चढ़ेगा। उत्सव को महोत्सव का रूप देने के लिए मंदिर के संस्थापक मनोज वर्मा ने इस बार आकर्षक झांकी सजाने, धुमाल और बैंड ग्रुप को ओडिशा से भी आमंत्रित किया है, जो बारात में रंग जमाएंगे। शाम 6 बजे निकलने वाली बारात में शिव के गण आकर्षण का केंद्र बनेंगे।



### भक्त करेंगे भस्म आरती और जलाभिषेक

कृष्ण मित्र फाउंडेशन के अध्यक्ष माधव लाल यादव और सचिव गोवर्धन झंवर ने बताया कि इस वर्ष भी सोमेश्वर महादेव का महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह 8 बजे भस्म आरती,जलाभिषेक किया जाएगा। दोपहर से भगवान का विशेष श्रृंगार करके नया स्वरूप दिया जाएगा। भक्तों को दर्शन का अवसर शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक मिलेगा। शाम 7 बजे महा आरती के बाद 56 भोग अर्पित करने के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद लोगों भक्तिमय माहौल देने के लिए भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा।



## सिटी लाइव

# अमर जवानों की स्मृति में मनाया शहीद दिवस





**रायपुर।** जेसीआई रायपुर राइस सिटी ने शनिवार को पुलवामा में हुए आतंकी हमले के अमर शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस मनाया। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मोमबत्तियां जलाकर उनके बलिदान को नमन किया। वातावरण अत्यंत भावुक एवं राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण रहा। दीपों की रोशनी में जब सभी सदस्य मौन खड़े हुए तो हर आंख में शहीदों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भाव था। वहीं अध्यक्ष शिवांगी मित्रा, मेंटर शेख समीर, प्रोग्राम डायरेक्टर धीरेन्द्र शर्मा, हुमा जहरा, लीना, प्रियांका, आकाश सहित मेंबर्स इसमें शामिल हुए।

### सामाजिक दायित्व निभाने का लिया संकल्प

इस अवसर पर शिवांगी मित्रा ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों की याद दिलाता है। उनका त्याग हमें एकजुट रहकर देशहित में काम करने की प्रेरणा देता है। मेंटर शेख समीर ने कहा कि "मोमबत्तियों की यह लौ केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि यह संकल्प है कि हम राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्मान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने देश की सेवा और सामाजिक दायित्व निभाने के लिए अग्रसर रहने का संकल्प लिया।

# विद्यार्थियों ने गीत-संगीत और नृत्य से सजाया वार्षिक उत्सव



**रायपुर।** लभांडी स्थित रायन इंटरनेशनल ने हर्षोल्लास के साथ दीक्षांत समारोह व वार्षिकोत्सव का आयोजन किया। पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शनिवार को नन्हें-मुन्ने माउंटेसरी के बच्चों को प्राथमिक शाला में पदार्पण करने के लिए उन्हें प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह का प्रमुख थीम वर्तमान का सामना साहस से करें और भविष्य की ओर बढ़ें, तय किया गया था। समारोह में विद्यार्थियों ने हिंदी, इंग्लिश व छत्तीसगढ़ी गीतों पर स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें मुख्य रूप से सरजियस मिंज, लोकेंद्र सिंग, अजीत ओगरे, संगीता बिंद, आदित्य नाथ झा, डॉ. प्रीति, अरविंद फ्रेंकलीन, शिजू सेबेस्टियन को पौधे भेंट करके स्वागत किया। माउंटेसरी के बच्चों को स्नातक समारोह के अवसर पर सभी आगंतुकों ने आशीर्वाद दिया।

### उपाधि को प्राप्त करने उत्साहित नजर आए

माउंटेसरी के बच्चों ने उत्सव के मूल विषय पर अपनी आकर्षक नृत्य प्रस्तुति से साबित किया कि वे रायन शाला में साहस से पढ़कर ऊंची उड़ान भरेगें। बच्चों को पारंपरिक वेशभूषा में दीक्षांत समारोह की उपाधि प्रदान की गई। माउंटेसरी (तीसरी) के बच्चे इस विशेष उपाधि को प्राप्त करने उत्साहित नजर आए। वार्षिक उत्सव में रंगारंग प्रस्तुतियों में हरियाणा,पंजाबी, शास्त्रीय नृत्य, हाथ की मुद्रा, नृत्य खेल, प्रेरक नृत्य बीहू नृत्य, रशियन फोक डांस, छत्तीसगढ़ी नृत्य की धमाकेदार प्रस्तुति देते हुए लोगों को खुशनुमा माहौल दिया। विद्यालय के संस्थापक डॉ. ए. एफ. पिंटों एवं शाला निर्देशिका डॉ. ग्रेस पिंटो ने सभी विद्यार्थियों की सफलता पर अपनी शुभकामना प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की।

# गणित के सूत्रों को याद करने अब बनाएं 'फॉर्मूला नोटबुक'

**रायपुर।** गणित के सूत्रों को बार-बार लिखकर याद करना चाहिए। इससे सूत्र दिमाग में गहराई से बैठ जाते हैं। गणित के सूत्रों के लिए अलग से नोट बुक बनाएं, जिसे 'फॉर्मूला नोटबुक' का नाम दें। यह नोटबुक आपको आगे भी काम आएगी। गणित के सूत्रों को रटने की बजाए यह समझें कि कैसे बना है। इससे लंबे समय तक याद रख पाएंगे। माध्यमिक शिक्षा मंडल के हेल्प लाइन में गणित से संबंधित सवालों के जवाब में इस आशय के टिप्स संत ज्ञानेश्वर स्कूल में पढ़ाने वाले गणित के शिक्षक अखिल खरे ने दिए। बोर्ड परीक्षा की तैयारी के बीच परीक्षा को लेकर बच्चों के मन में व्याप्त भय को दूर करने के लिए शिक्षा मंडल की ओर से हेल्प लाइन सेंटर शुरू किया गया है। जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में प्रदेश भर के विद्यार्थी और अभिभावक फोन करके सवाल कर रहे हैं।

### सूत्रों को स्टडी टेबल और दीवार पर चस्पा करें



अखिल खरे ने हेल्पलाइन नंबर पर आए सवालों के जवाब दिए और उन्हें गणित के सूत्रों को याद करने का फार्मूला बताया। गणित को लेकर विद्यार्थियों के मन में काफी भय की स्थिति है। खरे ने बताया कि हर सूत्र से संबंधित कम से कम 10 प्रश्नों को हल करके अभ्यास कर लें। ऐसा करने से वह सूत्र आपको हमेशा के लिए याद हो जाएगा। अति महत्वपूर्ण सूत्रों को चार्ट पेपर पर लिखकर अपनी स्टडी टेबल या कमरे की दीवार पर चस्पा करें। बार-बार देखने से यह सूत्र याद हो जाएंगे। गणित के सूत्रों को जोर-जोर से बोलकर पढ़ें।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

:: उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु ::
(आदेश - 5, नियम - 20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
न्यायालयः - कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.
उत्तराधिकार प्र.क्र.-36/2026 प्रो.क्र. 120/26
पेशी तारीख 09.04.2026
रमेश कुमार देवनानी .........आवेदक
बनाम
आम जनता .......अनावेदक
**प्रति,**
**आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो**
**अनावेदकगण**
जो कि आवेदकगण के मृतक पति/पिता स्व. कन्हैया लाल देवनानी के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 09.04.2026 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है।
आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।
अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेंगा ।
**नोटः-** यदि किसी कारणवश आगामी पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेंगा ।
यह आज तारीख 10.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
रायपुर छ.ग.
दिनांक 10.02.2026
**(कुमारी खिलेश्वरी सिन्हा)**
**षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
मुहर **रायपुर (छ.ग.)**

# विधवा-विधुर, तलाकशुदा महिला और पुरुष 22 को देंगे परिचय

**रायपुर।** सामाजिक संस्था रायपुर ब्राइट फाउंडेशन द्वारा 22 फरवरी को पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर के सत्संग भवन में सभी जाति व समाज की विधवा, विधुर व वैध तलाकशुदा सभी उम्र की महिला एवं पुरुषों के पुनर्विवाह के लिए सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। फाउंडेशन के प्रदीप गोविंद शितूत, डॉ. मनोज ठाकुर एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार व अंतिम तैयारियों को लेकर शनिवार को बुढ़ापारा बिजली ऑफिस चौक के सामने स्थित कार्यालय में संस्था की बैठक आयोजित की गई। इसमें कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए पंजीयन, भोजन, प्रवेश व्यवस्था, संचालन , काउंसिलिंग के लिए प्रमुखजनों को जिम्मेदारी दी गई। साथ ही पाम्पलेट का विमोचन किया गया। इस बार आठवें वर्ष के आयोजन के लिए महिलाओं का पंजीयन निःशुल्क किया जा रहा है। कार्यक्रम दिवस भी सुबह 09 बजे से पंजीयन के लिए विशेष काउंटर संचालित किया जाएगा।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS Pumping trust. Worldwide.
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

उज्जवल इंटरप्राइजेस प्लाईवुड एंड इंटीरियर
मॉड्यूलर किचन
डोर एवं चौखट
asianpaints
हार्डवेयर टिम्बर
पता: स्टार नर्सरी के सामने, पुराना धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.), मो.: 7415799000

दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
आकाश जैन - 98261-64650,
रतन जैन - 98271-29211
सिटी कोतवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
Mango बिना आवाज कूलर 7 स्पीड BLDC
डक्टिंग कूलर, हॉल, वर्कशॉप, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार के लिये

## खबर संक्षेप

### सेवा तीर्थ से महिलाओं को मिलेगी राहत और ताकत



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में संचालित मिशन महिला शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने का क्रम निरंतर जारी है। इसी कड़ी में उत्कल महिला महामंच की अध्यक्ष सावित्री जगत मिशन महिला शक्ति अभियान के तहत राजधानी के डब्ल्यूआरएस कॉलोनी झुग्गी बस्ती में महिलाओं के साथ पहुंचीं और महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सेवा तीर्थ और कर्तव्य भवन की परिकल्पना देश के 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। श्रीमती जगत ने कहा कि सेवा तीर्थ केवल एक भवन नहीं, बल्कि सेवा और संकल्प का प्रतीक है।

## निधन

### प्रियंका शर्मा



**रायपुर।** अहमदाबाद निवासी प्रियंका श्रीकांत शर्मा का 14 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 फवरी को सुबह 10 बजे उनके निज निवास ब्रह्मपुरी रायपुर से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे हिरेंद्र विश्वकर्मा की पुत्री थीं।

### सचिन पिरमानी



**रायपुर।** देवेंद्र नगर निवासी सचिन पिरमानी (54) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 फरवरी को देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे उदित पिरमानी के पिता और नारायणदास के भाई थे।

### दुर्गा देवी शर्मा



**रायपुर।** न्यू कैशालपुरी निवासी दुर्गा देवी शर्मा (85) का 13 फरवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 15 फरवरी को सुबह 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे श्याम शर्मा, स्व. अशोक शर्मा की माता और अभिषेक, अंकित, ओम की दादी थीं।

# रामकी के सफाई बेड़े में जुड़ेंगे 14 नए ईवी सफाई वाहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करने रायपुर नगर निगम से अनुबंधित रामकी एजेंसी अपने सफाई बेड़े में 14 नई गाड़ियां जोड़ने जा रही है। इससे आने वाले दिनों में शहर के नए रूटों पर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए सड़क पर नई गाड़ियां दौड़ेंगी। ये सभी गाड़ियां ई व्हीकल के रूप में होंगी, जिसमें न तो पेट्रोल या डीजल का झंझट रहेगा, न ही पर्यावरण प्रदूषण का पर्याय बनेंगी। रामकी ने बैटरी चलित सफाई वाहन शहर में मंगा लिए हैं, परिवहन विभाग से दस्तावेज बनाने का काम पूरा होते ही फरवरी के तीसरे सप्ताह से नई सफाई गाड़ियां शहर की सड़कों पर पर फर्राटे भरती नजर आएंगी। स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के केन्द्रीय सर्वेक्षण से पहले शहर की सफाई का ठेका लेने वाली रामकी कंपनी ने शहर को स्वच्छ रखने 14 नई गाड़ियां खरीदी हैं। ये गाड़ियां शहर के नए रूट पर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के कार्य में लगाई जाएगी। वर्तमान में रायपुर नगरनिगम के 70 वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन कार्य के लिए रामकी द्वारा 258 सफाई वाहनों की व्यवस्था की गई है। इनमें से 4 गाड़ियां पूरी तरह खराब हो चुकी हैं, जिन्हें रिप्लेस कर इसकी जगह 4 नई गाड़ी सफाई कार्य में लगाई जाएंगी। वहीं 10 नए सफाई वाहन भी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के लिए अनुबंधित एजेंसी उपलब्ध कराने जा रही है। रामकी के सिटी हेड योगेश कुमार ने बताया कि नई गाड़ियां ई व्हीकल के रूप में सफाई कार्य के लिए लगाई जाएंगी।

**खास बातें**

- न डीजल का खर्च, न पेट्रोल की झंझट, बैटरी चलित गाड़ियां पूरी तरह पाल्यूशन फ्री
- डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य करेंगी



### स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारी, प्रचार प्रसार के लिए दस जोन में खर्च होंगे 2.58 करोड़

नगर निगम रायपुर ने स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 में रायपुर शहर को स्वच्छता के मामले में देश के टॉप थ्री रैंकिंग पर लाने तैयारियां तेज कर दी है। सर्वेक्षण को लेकर निगम स्तर पर व्यापक रणनीति बनाई गई है। इसके साथ ही सभी दस जोनों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। यह राशि जोन स्तर पर डोर टू डोर कचरा संग्रहण, स्त्रोत पर कचरा छटाई, सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई नालियों की स्वच्छता, सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों के रखरखाव, कचरा मुक्त बाजार और प्रमुख चौराहों की साफ-सफाई पर खर्च की जाएगी। इसी तरह नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने स्वच्छता रैली, स्वच्छता की शपथ, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर-बैनर, होर्डिंग्स, सोशल मीडिया अभियान और शहर के स्कूल कालेजों में स्वच्छता के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक बनाने कार्यक्रम किए जाएंगे।

दुर्घटनाओं को दे रहा आमंत्रण

# रायपुर-धमतरी एनएच-30 सिक्सलेन ओवरब्रिज 15-20 फीट तक रेत से पटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर-धमतरी राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-30) सिक्सलेन के ओवरब्रिज में जमी रेत दुर्घटनाओं को आमंत्रित दे रही है। इस ओवरब्रिज की सड़क के दोनों तरफ करीब 15 से 20 फीट तक सड़क रेत से ढकी हुई है, जिसके कारण वाहन चालक भी इस रेत से बचते हुए मार्ग के बीच ड्राइविंग कर रहे हैं। हालांकि चारपहिया सहित अन्य बड़ी गाड़ियों के कारण इस मार्ग पर आवागमन करने वाले दोपहिया वाहन चालकों को रेत से ढकी सड़क से ही गुजरना पड़ रहा है। सूत्रों की मानें तो कुछ वाहन चालक रेत के कारण स्लिप होकर गिरकर घायल भी हो चुके हैं। इसके बाद भी सिक्सलेन से रेत को हटाने के लिए न ही एनएचएआई ने कोई कार्यवाही की है और न ही जिला प्रशासन के अधिकारियों ने इसे संज्ञान में लिया है, जबकि इस ओवरब्रिज से हर दिन एनएचएआई तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों का आना-जाना होता है।

हरिभूमि की टीम शनिवार को रायपुर से अभनपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-30) सिक्सलेन की लाइव पड़ताल की। इस दौरान इस सिक्सलेन मार्ग से रायपुर से अभनपुर का सफर का समय बहुत कम हो गया है, लेकिन इस मार्ग पर जहां-जहां ओवरब्रिज का निर्माण हुआ है, वहां ब्रिज के ऊपर दायीं तरफ की करीब 15 से 20 फीट तक की सड़क रेत से पटी हुई है। इस रेत के कारण ओवरब्रिज से गुजरने वाली ज्यादातर गाड़ियां रेत से बचकर सड़क से गुजर रही हैं। इससे कारण सिक्सलेन सड़क का उपयोग फोरलेन के रूप में हो पा रहा है।



### 80 से 120 की स्पीड से गुजरती हैं गाड़ियां

सिक्सलेन होने के कारण इस मार्ग से गुजरने वाली गाड़ियों की ज्यादातर स्पीड 80 से 120 के करीब होती है। इस तरह एक ओर जहां ओवरब्रिज से स्पीड से गाड़ियां गुजरती हैं, वहीं दूसरी ओर इस सड़क का बड़ा हिस्सा रेत से ढका हुआ है। इसके कारण गाड़ियों के अनबैलेंस होकर दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना भी ज्यादा है।

### हर एक मिनट में गुजरते हैं 15 से 20 वाहन

सिक्सलेन ओवरब्रिज से हर दिन एक मिनट में 15 से 20 छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, वहीं दिनभर में दो लाख से अधिक गाड़ियां इस मार्ग से गुजरती हैं। इनमें दोपहिया वाहन भी हैं। राजमार्ग होने के कारण इस मार्ग पर दिन-रात वाहन का आवागमन लगा रहता है। रेत से पटी सड़क के कारण यहां कभी भी चक्का स्लिप होने से वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है।

### जान-माल के नुकसान की आशंका

रेत की वजह से अगर वाहन दुर्घटना होती हैं, तो इससे जान और माल दोनों की क्षति हो सकती है। इस मार्ग से यात्री बसों से लेकर भारी वाहन भी आवागमन करते हैं। भारी वाहन में कई तरह के माल, सामान लोड रहते हैं। अगर हादसा हुआ तो इससे जान और माल दोनों को बड़ी क्षति पहुंच सकती है।

### सहकारिता विभाग में बड़ा भ्रष्टाचार, करेंगे प्रदर्शन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता घनश्याम राजू तिवारी ने एक बयान जारी कर कहा कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर में धान खरीदी में तालपत्री, सुतली, रंग और कांटा-बाट की खरीदी में बहुत बड़ा घोटाला किया गया है। रायपुर एवं अन्य जिला सहकारी बैंक के अधीनस्थ समितियों में बड़ी बंदरबांट सीईओ और अपेक्स के अधिकारी तथा अध्यक्ष द्वारा की जा रही है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता श्री तिवारी ने कहा कि अपेक्स बैंक के अधिकारी द्वारा बैंक के सीईओ को फोन कर समितियों को उनके चहेते व्यापारी से सामान खरीदने कहा गया और सीईओ द्वारा एक रिटायर्ड अधिकारी को काम में लगा दिया गया। समिति में बिना शासकीय नियम के खरीदी करने कहा गया, शासन द्वारा जैम पोर्टल से खरीदी की जाती है, उसी तरह 3 टेंडर लेकर भी खरीदी का प्रावधान बताया जाता है, किंतु इसकी अनदेखी कर समिति के कर्मचारियों पर सीईओ और नोडल अधिकारियों द्वारा दबाव बनवाकर बारी बारी खरीदी बगैर नियम के की गई।

## बिजनेस साइट

### वैवाहिक सीजन के लिए वस्त्रम विकास का शानदार फैशन कलेक्शन




**रायपुर।** वैवाहिक सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर की प्रतिष्ठित फैमिली फैशन शॉप वस्त्रम विकास में मेन्स वियर और लेडिस वियर की विशाल रेंज उपलब्ध कराई गई है। संस्थान के संचालक केपी देवांगन ने बताया कि वस्त्रम विकास पिछले 30 वर्षों से रायपुर समेत पूरे प्रदेश के कई परिवारों की फैशन डिमांड को पूरा करता आ रहा है। इस वैवाहिक सीजन के लिए शॉप ने पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए बेहतरीन डिजाइन और वैरायटी की पेशकश की है। पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा स्टाइलिश जैकेट के साथ सिर्फ 1599 रुपए में उपलब्ध है। इसके अलावा ब्रांडेड सूटिंग और शर्टिंग पर आकर्षक छूट का ऑफर चलाया जा रहा है, जो ग्राहकों से काफी अच्छा रिस्पांस प्राप्त कर रहा है।

केपी देवांगन ने बताया कि यह ऑफर टेक्सटाइल मार्केट पंडरी, नेशनल कॉर्पोरेट पार्क जीई रोड, विकास टॉवर वस्त्रम सुंदरनगर, लक्ष्मीनारायण मंदिर रोड कोटा और पुरानी धमतरी रोड डूंडा सहित सभी शाखाओं में समान रूप से उपलब्ध होगा, ताकि हर ग्राहक इसका लाभ उठा सके।

### सिविल सेवा की तैयारी तपस्या समान, त्याग और मानसिक मजबूती जरूरी : डॉ. भारतीदासन



**रायपुर।** दुनिया की सबसे कठिन परीक्षाओं में शामिल यूपीएससी सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन में सफलता को वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डॉ. एस. भारतीदासन ने 'तपस्या' की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा की तैयारी बिना त्याग, अनुशासन और एकाग्रता के संभव नहीं है। वे शनिवार को उड़ान आईएएस एकेडमी द्वारा लोकायन भवन, रजबंधा मैदान में आयोजित कॅरियर गाइडेंस सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में युवाओं को संबोधित कर रहे थे। डॉ. भारतीदासन ने कहा कि सिविल सर्विस परीक्षा अलग तरह की रणनीति और दृष्टिकोण की मांग करती है। चाहे विस्तृत सिलेबस हो, वैकल्पिक विषय का चयन या साक्षात्कार की तैयारी - हर चरण में समयबद्ध और सही मार्गदर्शन आवश्यक है। यह परीक्षा अभ्यर्थियों के व्यक्तित्व के प्रत्येक आयाम को निखारती है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए मानसिक मजबूती को सफलता की कुंजी बताया। कहा कि तैयारी के दौरान भावनात्मक उतार-चढ़ाव स्वाभाविक हैं, लेकिन लक्ष्य के प्रति समर्पण व्यक्ति को आगे बढ़ाता है।



संकलनकर्ता : डागेश यादव, हरिभूमि एवं INH न्यूज संवाददाता, चंदखुरी, मो. 9575833192

## खबर संक्षेप



### पार्किंग शुल्क का विरोध कर सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** तेलीबांधा के मरीन ड्राइव में सड़क किनारे नगर निगम पार्किंग स्थल घोषित कर लोगों से गाड़ी पार्क करने पर पार्किंग शुल्क वसूली का विरोध करते हुए कांग्रेस जनों ने रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन ने इसे अवैध पार्किंग बताते हुए लोगों को इससे हो रही परेशानी से रायपुर विधायक को अवगत कराया। कांग्रेसजनों ने विधायक पुरंदर मिश्रा को ज्ञापन सौप कर सवाल किया कि वे उत्तर के लोगो की परेशानी और वसूली दीदी के वसूली अभियान का विरोध क्यों नहीं कर रहे है ? पार्किंग की अवैध वसूली बंद ना होने पर कांग्रेस जनों ने उग्र आंदोलन करने की घोषणा की है। ज्ञापन सौंपने वालों में नगर निगम के पूर्व सभापति प्रमोद दुबे, नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी सहित अन्य कांग्रेस जन शामिल रहे।

# अंतर्राज्यीय बस स्टैंड परिसर में नौ प्रकार के पौधों वाला नवग्रह गार्डन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के भाठागांव क्षेत्र स्थित अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल परिसर में 9 अलग-अलग के पौधों वाला नवग्रह गार्डन तैयार किया जा रहा है, जिसमें 1400 से ज्यादा पौधे रोपित कर इसे सुंदर स्वरूप दिया जाएगा। पंद्रहवें वित्त आयोग मद में गेप प्लांटेशन प्रोजेक्ट के तहत पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर यह कार्य हाथ में लिया गया है। इसमें नक्शे के अनुसार अनुबंधित एजेंसी पौधा रोपित कर 1 वर्ष तक इसकी देखभाल करेगी।

- **निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग ने परिसर को सुंदर बनाने की पहल**

नगर निगम जोन 6 क्षेत्र में 49 करोड़ की लागत से नवनिर्मित भाठागांव अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल की खूबसूरती को निखारने नगर निगम का पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग बस टर्मिनल परिसर की खाली जमीन पर 9 प्रकार के पौधों से सुसज्जित नवग्रह गार्डन तैयार किया जा रहा है। इस कार्य के लिए रायपुर की एजेंसी के साथ अनुबंध किया गया है। पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के अध्यक्ष भोलाराम साहू ने बताया कि नवग्रह गार्डन में 1413 पौधे रोपित किए जा रहे हैं। इसकी देखभाल अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से होगा। बस स्टैंड परिसर में नवग्रह गार्डन में लगाए जा रहे पौधों की सिंचाई के लिए अलग से बोरवेल की व्यवस्था कराई गई है, ताकि बारहों महीना पौधों को पानी की कमी न हो। इस गार्डन की खासियत ये है कि इसमें नक्शा तैयार कर उसी के अनुरूप 9 प्रकार के पौधा रोपित कर परिसर को सुंदर बनाया जा रहा है, अपनी तरह का यह एक अनूठा गार्डन होगा।



### गैप प्लांटेशन प्रोजेक्ट में 80 लाख होंगे खर्च

पंद्रहवें वित्त आयोग मद के अंतर्गत गैप प्लांटेशन प्रोजेक्ट के तहत 80 लाख रुपए की स्वीकृत राशि से शहर के अलग-अलग लोकेशन पर 6819 पौधे लगाए गए हैं। इनमें से आईएसबीटी बस स्टैंड भाठागांव के नवग्रह गार्डन में 1 हजार से ज्यादा पौधे लगाए गए। भारतमाता चौक के डिवाइडर में 100 पौधे, जीई रोड स्थित वंदना आटो से अनुपम गार्डन डिवाइडर के मध्य 3,778 पौधों का रोपण किया गया। शहर के आउटर स्थित गजराजबांधा तालाब के आसपास 200 पौधे और जब्बार नाला के पास डिवाइडर पर 138 पौधे डिवाइडर को सुंदर हरा-भरा बनाने अभियान के तहत लगाए गए हैं। इसके अलावा गोकुलनगर, कचना और जोन 9 के नए दफ्तर, जैनम सिटी में गैप प्लांट के तहत पौधों का रोपण कर डिवाइडर की सुंदरता बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

# रेलवे स्टेशन पर 9 लाख रुपए का गांजा जब्त, उत्तरप्रदेश के दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल और रायपुर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। आरपीएफ और गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी कर दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से लगभग 18 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 8,97,450 रुपये आंकी गई है। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रमन कुमार और डीसीपी नॉर्थ मयंक गुर्जर के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 12 फरवरी की शाम करीब 4:00 बजे, प्रभारी निरीक्षक कर्मपाल सिंह गुर्जर और गुढ़ियारी थाना प्रभारी बी.एल. चंद्राकर के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने रेलवे स्टेशन के गुढ़ियारी साइड दबिश दी। वहां संदिग्ध अवस्था में बैग लिए खड़े दो युवकों को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई, तो 18 किलोग्राम गांजा पाया गया।

**आरपीएफ और गुढ़ियारी थाना की संयुक्त कार्रवाई घेराबंदी कर दो अंतरराज्यीय तस्करों को किया गिरफ्तार**




### ओडिशा से यूपी तक फैला था नेटवर्क

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चौंकाने वाला खुलासा किया। उन्होंने बताया कि वे इस खेप को रायगढ़ा, ओडिशा से बस के माध्यम से रायपुर लेकर आए थे। यहां से उनकी योजना ट्रेन के जरिए गांजे को कानपुर (उत्तर प्रदेश) ले जाने की थी, लेकिन इससे पहले ही वे सुरक्षा बलों की गिरफ्त में आ गए। पुलिस की गिरफ्त में आए दोनों आरोपी में एक राघवेंद्र सिंह 22 वर्ष निवासी ग्राम बिच्छुपूरवा, जिला कानपुर देहात । इनके पास से 4 पैकेटों में 07 किलो 426 ग्राम गांजा मिला। वहीं झम्मन सिंह (44 वर्ष) निवासी ग्राम बरनादी, जिला अलीगढ़ (UP)। इनके पास से 2 पैकेटों में 10 किलो 523 ग्राम गांजा बरामद हुआ। कुल जब्ती 06 पैकेट में गाजा के वजन वजन 17 किलो 949 ग्राम है।

### 50 किलो गांजा के साथ दो तस्कर पकड़े गए





ओडिशा से गांजा खपाने ला रहे दो तस्करों को क्राइम ब्रांच पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 50 किलो गांजा जब्त किया है। तस्कर रायपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित नेहरू नगर में खपाने के लिए आ रहे थे। तस्कर नेहरू नगर में किसको गांजा देने वाले थे, पुलिस इस संबंध में उनसे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने गांजा तस्करी करने के आरोप में रितिकेश सरोज और हिमांशु दामले को गिरफ्तार किया है। जब्त मादक पदार्थ का बाजार मूल्य 30 लाख रुपए आंका गया है। तस्कर गांजा को ओडिशा, फूलबनी से तस्करी कर ला रहे थे। तस्करों के बारे में पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि तस्कर टोयोटा एल्टिस कार में बड़ी मात्रा में लेकर गांजा शहर में प्रवेश कर रहा है। सूचना के आधार पर सिविल लाइन थाना क्षेत्र में घेराबंदी की गई। पुलिस की घेराबंदी देख तस्कर ने पुलिस को चकमा देकर भागने की कोशिश की और पुलिस वाहन को टक्कर मार दी, लेकिन टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को मौके पर ही पकड़ लिया। बताया जा रहा है, रितिकेश और उसका साथी गांजा तस्करी के आरोप में फरार मुकेश बनिया गिरोह से जुड़े हैं।




## महाशिवरात्रि पर आज अमलीडीह में लगेगा मेला

रायपुर। हरदिहा साहू समाज एवं दुर्गा मंदिर समिति के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व पर रविवार को अमलीडीह में मेला लगाया जा रहा है। इस दौरान शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित है। धनुष साहू ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि हरदिहा साहू समाज द्वारा निर्मित मां दुर्गा, शिव-पार्वती, राम सीता, राधा-कृष्ण मंदिर में हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य मेला लगाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि विधायक मोतीलाल साहू, आरडीए के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, महापौर मीनल चौबे, विनय कुमार साहू, डेरहाराम साहू, पार्षद गायत्री नौरंगे एवं विनय पंकज निर्मलकर होंगे। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत महादेवघाट के लोकछाया मंच, छाया चंद्राकर एवं टीम द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकगीतों एवं भक्तिगीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। हरदिहा साहू समाज एवं नवयुवक संघ कार्यक्रम की तैयारी में जुटा हुआ है।

### झूलेलाल महाआरती में शामिल होंगे महाबली हनुमान फेम निर्भय वाधवा

रायपुर। चेट्रीचंड्र के पावन उपलक्ष्य में जय झूलेलाल महोत्सव समिति द्वारा विशाल वाहन रैली व दरियाशाह की महाआरती का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। इस खास मौके पर कार्यक्रम में शामिल होने अभिनेता निर्भय वाधवा रायपुर पहुंचेंगे, जिन्हें आपने श्रीमद रामायण, महाबली हनुमान, महाभारत जैसे प्रसिद्ध टीवी सीरियल्स में देखा होगा। इसके साथ साथ अन्य अभिनेताओं के शामिल होने की संभावना है। समिति के प्रशांत राज गावरी व आदर्श कलवानी ने संयुक्त रूप से बताया कि झूलेलाल जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पहली बार भव्य वाहन रैली का आयोजन किया जा रहा है।

## पेज 11 के शेष ...

### लैंडिंग के वक्त रायपुर ..

पर अपनी यात्रा का इंतजार करने वाले यात्री फ्लाइट में सवार होने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उसमें तकनीकी खराबी का हवाला देकर फ्लाइट केंसल होने की जानकारी यात्रियों को दी गई। सूत्रों का कहना है कि इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा, क्योंकि उनके पास सफर का कोई और विकल्प नहीं था। यात्रियों को दूसरे दिन अपनी यात्रा पूरी करने अथवा टिकट का रिफंड वापस लेने का मौका एयरलाइंस कंपनी द्वारा दिया गया। एयरपोर्ट प्रबंधन के उच्च पदस्थ सूत्रों ने इस तरह की घटना की जानकारी होने से इनकार किया है।

### वन अपराधियों के ...

वन सेवा तथा चार राज्य वन सेवा के अधिकारी शामिल हुए थे। **सामाजिक बहिष्कार कराने का निर्णय इस तरह था :** समीक्षा बैठक में वन अपराधियों का सामाजिक बहिष्कार कराने जो निर्णय लिया गया था वह इस तरह से था, वन एवं संरक्षित क्षेत्रों के अंदर फंदा लगाकर बड़ी संख्या में अवैध शिकार के मामले सामने आते हैं तथा बड़ी संख्या में अपराधी पकड़े भी गए हैं, इन्हें सामाजिक स्तर पर बहिष्कृत करने के लिए संबंधित गांव के मुखिया, धर्मगुरु, प्रतिष्ठित व्यक्ति एवं समाज सेवी संस्था के साथ बैठक कर उनके गांव में कैंप लगाकर घटित हुए अवैध शिकार के फोटोग्राफ्स दिखाकर वन्यजीव अपराध की रोकथाम के लिए जागरूकता लाने अपील करें तथा अपराधी को दंडित करने अथवा बहिष्कृत करने अपील की जाए। इस प्रकार की बैठक पहले कवर्धा वनमंडल एवं उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व अंतर्गत किये जाने के लिए योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये थे। साथ ही समस्त वनाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के अपराधियों, संदिग्धों की सूची संधारित करने के निर्देश दिए गए थे।

